मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 191 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
26 दिसंबर 2023 मंगलवार

**आज का मौसम**
26 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

**मप्र काबीना विस्तार**

## ‘मोहनी कला’ के साथ सामूहिक नेतृत्व की राह पर भाजपा


**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

अपनी शपथ के साथ राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा की उपमुख्यमंत्रियों के बतौर शपथ कराने के बाद सूबे के नए नवेले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बात तो साफ कर दी है। वो यह कि एकला चलो के प्रयोग के बजाए सामूहिक नेतृत्व के आधार पर चलने के 2023 के विधानसभा चुनाव के कामयाब प्रयोग को लोकसभा चुनाव के दौरान भी जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की अगुआई में यादव सहित प्रदेश के तमाम दिग्गज यानि नरेंद्र सिंह तोमर से लेकर कैलाश विजयवर्गीय और ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर प्रहलाद पटैल और राजेंद्र शुक्ल सहित सभी दिग्गज एकजुट होकर इस बार सूबे की सभी 29 लोकसभा सीटों को जीतने के जतन में जुटेंगे। अपनी मोहिनी कला की नुमाइश के साथ वे भोपाल से लेकर दिल्ली तक सभी को साधकर चल रहे हैं।

इसी के चलते 31 सदस्यीय काबीना के तानेबाने को बुना गया है। इसमें पुराने दिग्गजों के साथ ही नए चेहरों पर दांव खेलने के साथ राहुल गांधी के पिछड़ा वर्ग की जनगणना के राग से लेकर महिलाओं की नुमाइंदगी का पूरा ख्याल रखा गया है तो आदिवासी और दलित कार्ड पर भी पूरा फोकस रखा गया है। ब्राह्मण बाहुल्य विंध्य में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला पर फोकस रखा गया है तो ग्वालियर चंबल के पंडितों को साधने के लिए राकेश शुक्ला के चेहरे को आगे रखा गया है। ग्वालियर के क्षत्रिय समुदाय के लिए प्रध्युम्न सिंह तोमर तो मालवा में इंदर सिंह परमार और बुंदेलखंड में गोविंद राजपूत पर दांव खेला गया है।

पिछड़ों की बात करें तो मोहन यादव के साथ कृष्णा गौर मप्र से लेकर यूपी और बिहार के यादव समाज को यह संदेश देने का काम करेंगे कि भाजपा इस समाज से परहेज नहीं करती है। कमोबेश यही संदेश प्रहलाद पटैल से लेकर प्रताप लोधी को शरीक करके सूबे के साथ यूपी के लोध समाज में देने की कोशिश होगी। राकेश सिंह का भी मप्र के साथ यूपी में उपयोग होगा। इसी तरह ग्वालियर चंबल के गूर्जर और काछी कुशवाहा समाज के जरिए यूपी में भी साधने की कोशिश होगी। राव उदय प्रताप सिंह को लेकर जाट समाज, लखन पटैल के जरिए कुर्मी समाज,विश्वास सारंग के जरिए कायस्थ वर्ग, करण सिंह वर्मा को लेकर खाती समाज, दिलीप जायसवाल के जरिए कलार समाज तो नारायण सिंह पवार के जरिए सोंधिया, और नरेश शिवाजी पटैल को काबीना में जगह देकर किरार समाज को साधने की कोशिश की गई है।



अनुसूचित जाति की बात की जाए तो उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से लेकर तुलसी सिलावट सरीखे दिग्गज नेता के साथ ही दलित समाज के कोटे से दिलीप अहिरवार, गौतम टेटवाल और प्रतिमा बागरी को शरीक किया गया है। वहीं आदिवासी समाज की बात करें तो कद्दावर नेता विजय शाह से लेकर संपतिया उईके, नागर सिंह चौहान, निर्मला भूरिया और राधा सिंह तक लंबी सूची है जिसमें दलितों की तरह आदिवासी वर्ग के उपवर्गों को जगह दी गई है। मोहन यादव की काबीना में यदि कोई समाज छूटा है तो उसमें प्रभावशाली दांगी और रघुवंशी समाज का प्रतिनिधित्व शामिल है, जिसने विधानसभा चुनावों में भाजपा का भरपूर साथ दिया। दांगी समाज में मंत्री भूपेंद्र सिंह और हजारी लाल दांगी तथा रघुवंशी समाज से जगन्नाथ रघुवंशी और हरीसिंह रघुवंशी का विकल्प भाजपा के सामने था।

बावजूद इसके व्यापक तौर पर जातिगत समीकरण बिठाने के साथ ही भाजपा के सामने राम मंदिर के जरिए देश के हिंदु समाज में सनातनी भाव भरने से लेकर कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घनाओं के खिलाफ सख्त एक्शन जैसे विकल्प भी हैं जो उसे लोकसभा में मोदी की हेट्रिक की राह प्रशस्त करेंगे। जहां तक मध्यप्रदेश की बात है तो विधानसभा में करारी हार के बाद कमलनाथ और दिग्विजय को मुख्यभूमिका हटाकर जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जैसे युवा चेहरों को राहुल गांधी ने आगे किया है। लेकिन सवाल यही है कि इतने कम वक्त में कमलनाथ के कारपोरेट कल्चर से कांग्रेस को मुक्त करके जीतू युवाओं के सहारे प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के सामने कोई चुनौती खड़ी कर सकेंगे? राह कठिन जरूर लगती है लेकिन ठान लो तो मुश्किल कुछ भी नहीं है।

---

### यादव कैबिनेट की पहली बैठक, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंत्रियों को समझाई गई प्राथमिकताएं

## सरकार का शार्ट टर्म प्लान, ढ़ाई महीने सघन कामकाज पर जोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद आज डा मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक में नये मंत्रियों का अधिकारियों से परिचय कराया गया और भाजपा के संकल्प पत्र को जमीन पर उतारने पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि फिलहाल यादव सरकार का पूरा जोर अगले ढाई महीनों पर है। हालांकि विभाग वितरण पर सभी की निगाहें हैं शाम तक यह काम भी पूरा किया जा सकता है। कैबिनेट में 18 विधायक पहली बार मंत्री बने हैं जबकि बारह पुराने चेहरे हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं इस बैठक से पहले सुबह सीएम मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की।



बताया जाता है कि मुख्यमंत्री डा यादव ने पार्टी के संकल्प पत्र को प्राथमिकता में रखकर लक्ष्य की पूर्ति के संबंध में चर्चा मंत्रियों को जरूरी हिदायत दी है। इससे पहले ही सभी विभाग प्रमुखों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दे चुके हैं। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मंत्रियों को समन्वय के साथ लक्ष्य बनाकर काम करने के लिए कहा गया है। बताते हैं कि यादव ने बैठक में अपनी प्राथमिकता के बारे में भी कैबिनेट सदस्यो को बताया। मोटे तौर पर उनका जोर इस बात पर रहा कि मंत्रियों व सरकार के पास काम करने के लिये अभी फिलहाल ढाई महीने ही हैं, क्योंकि मार्च के अंतिम सप्ताह तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो सकती है। लिहाजा भाजपा के संकल्प पत्र की अधिकाधिक घोषणाओं पर काम शुरू करने का खाका तैयार करने के लिये अफसरों को व इस पर नजर रखने के लिये मंत्रियों को कहा गया है।

### शिवराज खाली करेंगे आवास

**इधर** शिवराज सिंह चौहान अब मुख्यमंत्री आवास खाली करने की तैयारी में हैं। माना जा रहा है कि वे कुछ ही दिन में 74 बंगला क्षेत्र के सरकारी आवास में शिफ्ट हो जाएंगे। फिर नये मुख्यमंत्री मोहन यादव की जरूरत के मुताबिक सीएम हाउस की सज्जा में कुछ बदलाव होंगे। हालांकि कमलनाथ के मुख्यमंत्री रहते इस मकान की नये सिरे से मरम्मत हुई थी और फिर शिवराज ने यहां समत्व के नाम से नये कार्यालय भवन का निर्माण कराया था। आज सुबह डॉ. यादव ने सीएम हाउस पहुंचकर शिवराज से मुलाकात की। माना जाता है कि राजनीतिक विषयों के अलावा इस आवास को लेकर भी दोनों के बीच बात हुई है।अभी यादव अपने मंत्रित्व काल में मिले सरकारी आवास से काम कर रहे हैं।


मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज श्यामला हिल्स पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट की।

### दिल्ली में बना विभाग बंटवारा फार्मूला

मोहन यादव सरकार के मंत्रियों को विभाग बांटने का फार्मूला भी हाइकमान ने उसी तरह तैयार किया है जिस तरह कैबिननेट गठन का फार्मूला बन सका है। जानकार सूत्र की मानें तो राज्य सरकार के महत्वपूर्ण महकमों की जिम्मेदारी के बारे में पहले ही फैसला किया जा चुका है। इनमें गृह,सामान्य प्रशासन,लोक निर्माण, जलसंसाधन, स्वास्थ्य,शिक्षा,जनसंपर्क जैसे करीब एक दर्जन महकमों में मंत्रियों की ‘तैनाती’ के लिये नाम दिल्ली में तय हो गये थे। बताया जाता है कि सीएम ने विभागीय जिम्मेदारी के संबंध में बैठक के दौरान फिर संकेत मंत्रियों को दे दिए हैं। माना जाता है कि भाजपा हाइकमान भी मिशन 24 के तहत जल्द से जल्द सरकारी योजनाओं व भाजपा के संकल्पों की ‘डिलीवरी’ चाहता है,इसीलिये वरिष्ठ विधायकों को महत्वपूर्ण विभागों की कमान देकर परिणाम हासिल करने की तैयारी की गई है। इसलिये राजेंद्र शुक्ला,जगदीश देवड़ा के अलावा कैलाश विजयवर्गीय,विजय शाह, प्रहलाद पटेल,तुलसी सिलावट जैसे विधायकों को बड़ी जवाबदारी मिल सकती है।

---

### 25 मुसाफिर कम, सस्पेंस बना

## 276 को लेकर फ्रांस की डंकी फ्लाइट अंततः मुंबई पहुंची

**मुबंई , एजेंसी।**

आखिरकार चार दिन बाद फ्रांस की ‘डंकी’ उड़ान आज तड़के मुंबई पहुंची है। हालांकि जब विमान यात्री उतरे तो उनकी संख्या महज 276 थी। इससे सवाल उठ गया कि आखिरकार 25 अन्य लोगों का क्या हुआ। दरअसल दुबई से निकारागुआ जा रहे एक विमान को फ्रांस ने गुरुवार को मानव तस्करी के संदेह में रोक लिया था। इस विमान में 303 भारतीय सफर कर रहे थे।



गौरतलब है, एयरबस A340 दुबई से उड़ान भरकर निकारागुआ जा रही थी। इस विमान में कुल 303 भारतीय सफर कर रहे थे। विमान फ्यूल भरवाने के लिए फ्रांस के एक छोटे से एयरपोर्ट वैट्री पर रुका था। इसी दौरान फ्रांस पुलिस को खबर मिली थी कि विमान में सफर कर रहे भारतीय मानव तस्करी का शिकार बनने जा रहे हैं। इसके बाद फ्रांस पुलिस टीम एयरपोर्ट पर पहुंच गई थी और विमान को उड़ान भरने रोक दिया था। तब से रोमानिया स्थित लीजेंड एयरलाइंस का विमान पेरिस से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में वैट्री एयरपोर्ट पर रुका हुआ था। यात्रियों में 11 नाबालिग भी बताए जा रहे थे। फ्रांसीसी अधिकारियों का कहना है कि विमान ने जब मुंबई के लिए उड़ान भरी थी तो उसमें 276 यात्री सवार थे। दो नाबालिगों सहित 25 लोगों ने शरण के लिए आवेदन करने की इच्छा जताई थी। इसलिए वे लोग भी फ्रांस में ही हैं। बताया जाता है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई से आ रहा एयरबस सुबह चार बजे के बाद मुंबई पहुंचा।

## बुलेट प्रुफ जैकेट पहनकर गोलियां बरसा रहे टुन्न इंस्पेक्टर को दबोचा

**हजारीबाग, एजेंसी।**

झारखंड के हजारीबाग से शराब के नशे में धुत एक एएसआई ने सरेआम 28 राउंड गोलियां चलाई. ये घटना हजारीबाग स्थित पुलिस लाइन की है। फायरिंग से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि एएसआई बृजनंदन के इस तरह फायरिंग के बाद जवान वहां से भाग गए और उसे बाद में बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर पुलिसकर्मियों ने पकड़ा। शराब के नशे में एसएसआई ने ये गोलियां अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से चलाई। बृजनंदन पीसीआर ड्यूटी में थे। इसके बाद रात करीब आठ बजे पुलिस लाइन की सड़क पर निकल कर उन्होंने करीब 6 राउंड गोलियां हवा में दाग दी। इसके बाद भी जब



उसका मन नहीं भरा, तो फिर अपने कमरे में जाकर रिवॉल्वर में फिर से गोली भरी और हवा में चलाने लगे। मैग्जीन में 35 गोली होती है, जिसमें 28 गोली चला दी।

---

## मौर्य फिर बहके, हिंदु धर्म को बताया धोखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर हिंदू धर्म के खिलाफ बयान दिया है। मौर्य ने हिंदू धर्म को धोखा करार दिया साथ ही नरेंद्र मोदी को भी निशाने पर लेने की कोशिश की। वे बोले कि हिंदू एक धोखा है,95 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हिंदू कोई धर्म नहीं है, यह जीवन जीने की एक



शैली है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी दो बार कहा है कि हिंदू जीवन जीने की एक कला है। मौर्य बोले, जब ये लोग ऐसे बयान देते हैं तो भावनाएं आहत नहीं होती हैं, लेकिन अगर यही बात स्वामी प्रसाद मौर्य कहते हैं तो पूरे देश में भूचाल मच जाता है।

---

**मेट्रो एंकर**

### मौसम खराब, 25 मील की दूरी पर दोनों विमान हादसों का शिकार...

## दुर्घटना से बचने अलग विमानों से उड़े, दोनों ही विमान क्रेश

**नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो।**

एक प्रेमी जोड़े ने किसी ‘खतरे’ से बचने एक ही गंतव्य के लिये अलग अलग विमानों से यात्रा का फैसला किया, लेकिन दोनों ही विमान दुर्घटनाग्रसत हो गये। लेकिन चमत्कार यह कि दोनों ही बच भी गये, जबकि विमान हादसों मे लोगों का बचना किसी चमत्कार से कम नहीं होता। ये चमत्कार एक ही दिन में दो बार हो जाए, तो इस पर यकीन करना मुश्किल होता है। इटली के रहने वाले एक कपल के साथ कुछ ऐसा ही हुआ, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। खबरों के मुताबिक तीस साल के स्टेफनो पिरिल्ली और उनकी 22 साल की मंगेतर एंटोनिएटा डेमासी एक ही दिन में 25 मील की दूरी पर हुए दो अलग-अलग विमान दुर्घटनाओं का शिकार हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये जोड़ा दोस्तों के साथ पार्टी करने निकला था। दोनों ने दो अलग-अलग विमानों में



यात्रा करने के फैसला किया। इस कपल ने दो ‘टू सीटर एयरक्राफ्ट’ से उड़ान भरी, लेकिन वापस लौटते वक्त इटली के ट्यूरिन के पास ये हादसा हो गया।

दरअसल खराब मौसम और अंधेरा होने की वजह से दोनों ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक प्लेन में एंटोनिएटा और उनके पायलट थे और दूसरे प्लेन को स्टेफनो अपने कोपायलट विमान उड़ा रहे थे। दोनों के विमान गहरी धुंध में फंस गए थे। स्टेफनो ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि उड़ान में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन शाम होते-होते मौसम का तापमान अचानक से गिर गया और चारों तरफ अंधेरा छा गया। उनका प्लेन धुंध के चलते रनवे से 100 मीटर आगे निकल गया था, जिस वजह से जमीन पर आते-आते प्लेन क्रैश हो गया। इसके बाद उन्होंने तुरंत एंटोनिएटा को फोन किया, लेकिन उनके फोन नहीं उठाने पर वह परेशान हो गए। थोड़ी देर बात उन्हें जानकारी मिली की उनका विमान भी क्रैश हो गया है, लेकिन मौके पर फायर फाइटर पहुंच चुके हैं, जिसके बाद उन्होंने राहत की सांस ली। स्टेफानो ने बताया कि ये उनकी मंगेतर की पहली विमान यात्रा थी, जिसके लिए वो बहुत उत्साहित थी

# जेपी अस्पताल में एक जनवरी से शुरू होगी आधुनिक कैंटीन

## मरीजों और परिजनों को होगी सुविधा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित जेपी अस्पताल में एक जनवरी से आधुनिक कैंटीन शुरू होने जा रही है। इस कैंटीन से मरीजों और उनके परिजनों को सुविधा होगी। उन्हे बेहतर गुणवत्ता के साथ-साथ विविधतापूर्ण व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। अस्पताल की कैंटीन में किफायती दरों में उत्तर भारतीय भोजन के साथ-साथ उपमा, इडली-डोसा जैसे दक्षिण भारतीय व्यंजन भी मिलेंगे। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने एक निजी कंपनी से करार किया है। इसकी टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है।

गौरतलब है कि जेपी अस्पताल में रोजाना करीब 70-80 मरीज आकर भर्ती होते हैं। बताया यह भी जा रहा है कि अस्पताल प्रबंधन ने आधुनिक कैंटीन के लिए कंपनी को जगह भी आवंटित की जा चुकी है। इस अत्याधुनिक कैंटीन में मरीज के स्वजनों को सस्ती दरों पर चाय-नाश्ते के साथ-साथ भोजन भी उपलब्ध हो सकेगा। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए मुफ्त भोजन की सुविधा यथावत जारी रहेगी।




कृष्णा गौर को मंत्री बनाए जाने पर फिल्म अभिनेता राजा मुराद बधाई देने निवास पर पहुंचे। वहीं मंत्री बने विश्वास सारंग के बंगले पर बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं का तांता लग गया।

## हिंदी विवि का चौथा दीक्षांत समारोह

# 4 को स्वर्ण, तीन को सिल्वर सहित 170 से विद्यार्थियों को मिली डिग्री



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। समारोह में चार को स्वर्ण, तीन को सिल्वर, दो को कांस्य पदक सहित स्नातक (यूजी) व स्नातकोत्तर (पीजी) के 170 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। विद्यार्थियों को हिंदी में कर्त्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थी दीक्षा समारोह में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। छात्राएं क्रीम कलर की साड़ी में नजर आएंगी। वहीं छात्र सफेद रंग के कुर्ता व पायजामा में शामिल हुए। इसके अलावा विद्यार्थियों को पीले रंग का साफा या पगड़ी पहनी।

### पारंपरिक वेशभूषा में विद्यार्थियों ने हिंदी में ली कर्त्तव्यनिष्ठा की शपथ

## भू–जल में मिल रहा पेट्रोल–डीजल व ऑईल वाला प्रदूषित पानी

# 1200 वाहन, सर्विस सेंटर कंपनियों को छोड़ किसी के पास ट्रीटमेंट प्लांट नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में 1200 से अधिक वाहन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। इनमें 6 पहिया, 4 पहिया व 2 पहिया वाहनों को सुधारा जाता है। इनमें से 700 सेंटरों पर वाहनों की धुलाई भी की जाती है। जिनमें से निकलने वाला पेट्रोल, डीजल व आईल युक्त प्रदूषित पानी सीधे भू–जल में मिल रहा है। बाकी का पानी बड़े तालाब, शाहपुरा समेत जल स्त्रोंतो में जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन सर्विस सेंटरों में से कंपनी के अधिकृत सेंटरों को छोड़ दे तो किसी के पास ट्रीटमेंट प्लांट है। यह प्रदूषित पानी जानलेवा है जो कई गंभीर बीमारियों का कारण बन रहा है।

**गली—गली में सेंटर:** हाल यह है कि शहर के प्रत्येक गली–मोहल्ले में इस तरह के सर्विस सेंटर चल रहे हैं। जिनमें हजारों लीटर पानी रोज उपयोग हो रहा है, जो उपयोग होने के बाद प्रदूषित हो जाता है। इनमें पेट्रोल, डीजल व आईल में पाए जाने वाले हेजार्ड होते हैं जो सीधे भू–जल व जल स्त्रोतों में मिल रहे हैं।



### निगम का साफ पानी कर रहे उपयोग

इन सर्विस सेंटरों में निगम की पाइप लाइनों से सप्लाई किया जाने वाला साफ पानी उपयोग किया जा रहा है जो कि गैर कानूनी है। यह पानी पीने के लिए सप्लाई किया जाता है जिसे ये सर्विस सेंटर संचालक आसानी पीने के पानी के नाम पर कनेक्शन लेकर उपयोग कर रहे हैं। निगम के अधिकारियों को पता है कि यह पानी पीने के लिए नहीं, बल्कि सर्विस सेंटरों में वाहनों को धोने के लिए उपयोग में लाया जाएगा और जा रहा है तब भी किसी तरह की कोई बंदिश नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक साफ पानी वाहनों को धोने के लिए नहीं है, क्योंकि पानी को जल स्त्रोतों से उठाकर शहर तक लाने में करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं। इसे वाहनों की धुलाई में बर्बाद कर आम लोगों के टैक्स की बर्बादी है। वाहनों की धुलाई के लिए रा–वाटर का उपयोग किया जाना चाहिए।



### नालों से है सभी की कनेक्टिविटी

इन सर्विस सेंटरों से निकलने वाले पानी की सीधी कनेक्टिविटी नालों से हैं, जिसके कारण पानी सीधे जल स्त्रोतों में मिल रहा है। यह बात प्रत्येक अधिकारियों को पता है, तब भी किसी स्तर पर कोई रोकथाम नहीं हो रही है।

### अधिकारियों की सांठगांठ

जब तक सर्विस सेंटर संचालकों के पास ट्रीटमेंट प्लांट न हो, उन्हें पानी का कनेक्शन नहीं दिया जा सकता, लेकिन निगम के अधिकारी कर्मचारी आसानी से कनेक्शन दे रहे हैं। यह सांठगांठ का नतीजा है, जिसका फायदा निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को भी हो रहा है। यह गैर कानूनी काम को एक तरह से बढ़ावा देने जैसा है।

### आम नागरिकों को नुकसान

सर्विस सेंटरों से निकलने वाले पेट्रोल, डीजल व आईल युक्ति प्रदूषित पानी से भू–जल व जल स्त्रोतों के प्रदूषित होने का सीधा नुकसान प्रत्येक आम नागरिकों को होता है। इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में इसका और नुकसान होगा। भू–जल में प्रदूषित तत्वों का स्तर बढ़ने के कारण उसका उपयोग नहीं कर सकेंगे। यदि अनजाने में करते भी है तो गंभीर बीमारियां होंगी। कई तरह की विकृतियां आएंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर पीढ़ी दर पीढ़ी भी रह सकता है। कटारा हिल्स निवासी संतोष बुंदेला, उमाशंकर तिवारी, गोविंद सिंह, कोलार निवासी डीपी सिंह आदि का कहना है कि यह गंभीर समस्या है, इसका निराकरण होना ही चाहिए।

# प्राकृतिक चिकित्सा मे साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला

## आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण शिविर शुरू



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में आठ दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधक हिस्सा ले रहे हैं।

शिविर अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योग, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। व्याख्यान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने दिया।

टेवानी ने कहा शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना संभव है। शिविर में शरीर शुद्धिकरण के साथ-साथ विचारों का भी शुद्धिकरण होता है, हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए कि हम स्वस्थ है और हमेशा स्वस्थ रहेंगें, यदि हम ऐसे सकारात्मक विचार रखते हैं तो हम कभी भी बीमार महसूस नहीं करेंगे। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा सुबह-शाम व्याख्यान होंगे।

# नए साल में एम्स में शुरू होगा किडनी ट्रांसप्लांट, मरीजों को होगा फायदा

**भोपाल ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल जनवरी में गुर्दा प्रत्यारोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) शुरू करने की तैयारी में है। भोपाल एम्स के कार्यकारी निदेशक डा. अजय सिंह ने यह जानकारी दी। एम्स में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्तियों के साथ बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाएं बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एम्स किडनी प्रत्यारोपण के लिए प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की सूची तैयार कर रहा है। इस नई सुविधा को लेकर एक मरीज को दो दिन पहले भर्ती किया गया है। जिसकी विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न जांच की जा रही हैं।

किडनी ट्रांसप्लांट जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही एम्स में लिवर, बोनमैरो और लंग्स ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू करने की योजना है। अभी मध्य भारत में लंग्स ट्रांसप्लांट सेंटर किसी भी अस्पताल में नहीं है। एम्स ऐसा करने वाला पहला अस्पताल बन सकता है।

# क्रिसमस के दिन मनाया गया तुलसी डे



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति ने काली मंदिर हलालपुर में तुलसी दिवस मनाया। साथ ही स्कूलों में जाकर बच्चों को तुलसी माता का पौधा भेंट किये।

समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने ओपन वर्डस में कहा कि भारत के सनातनी हिन्दू अभिभावक माता-पिता बच्चों को सेंटा क्लास के पास न भेजकर हनुमानजी के चरणों में, आसपास के मंदिरों में भेजे। समिति के अर्चक पुरोहित राजकुमार गर्ग ने कहा कि हर बच्चे को तुलसी माता की पूजा करनी चाहिएए तुलसी पूजन करने से सभी रोग नष्ट हो जाते है।

तुलसी पूजन करने वालों में रुप कुमार सोनी, कमलेश देवानी, राज कुमार गर्ग, राज बिजोरिया, प्रभु मूलचंदानी, गुरदास रामचंदानी, राजकुमार धानुक व शिवानी शर्मा उपस्थित थे।

## मेट्रो एंकर

## प्रेम प्रकाश आश्रम का नए भवन एवं सत्संग हॉल के लिए भूमिपूजन

# भक्ति रूपी वृक्ष की जड़ बहुत मजबूत होती है : भगत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री प्रेम प्रकाश आश्रम, श्री प्रेम प्रकाश कॉलोनी, संतनगर में जयपुर से स्वामी भगत प्रकाश अपनी मंडली के साथ आए। नवीन आश्रम व सत्संग हॉल के लिए भूमिपूजन व सत्संग किया।

भगत प्रकाश जी ने सत्संग में कहा कि भक्ति रूपी वृक्ष की जड़ बहुत मजबूत होती है जो सतुगुरू की भक्ति करता है उसके सब काम रास होते है चाहे कितने भी विघ्न क्यों न आए। इसी तरह श्री सदुरू जी के इस भवन का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। किसी भी मंदिर का उद्देश्य हमारी संस्कृति, हमारी भाषा, हमारी धार्मिकता का प्रचार करना होता है एवं बच्चों में भी अच्छे संस्कार पैदा हो हमारा धर्म क्या है हमारा कर्म क्या है इन सब बातों की जानकारी हमें दरबारों मे जाने और सत्संग सुनने से ही मिलती है। इसी उद्देश्य के लिए इस दरबार का निर्माण किया गया है, जो स्वामी टेऊंराम सहिब जी के आशीर्वाद से जल्द ही यह विशाल दरबार बनकर तैयार हो जाएगा, लेकिन जब तक नया दरबार बनकर तैयार हो जाए तब तक पास में ही सत्संग का कार्यक्रम चालू रहेगा। सारी संगत आकर सत्संग का लाभ ले।




इस अवसर पर प्रेम प्रकाश आश्रम के सभी सेवाधारियों बसंत चेलानी, मनोहर लालवानी, लक्ष्मण लालवानी, मनोज लालवानी, अर्जुन बेलानी, पार्षद अशोक मारन, श्री राजेश हिंगोरानी सहित प्रेम प्रकाश मंडल के अन्य सेवाधारी एवं नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने स्वामी भगत प्रकाशजी का स्वागत किया।

## कल्याणदास मोटवानी के नेत्रों का दान

**हिरदाराम नगर।** अयोध्या बायपास निवासी कल्याणदास मोटवानी 86 का देहावसान 23 दिसम्बर को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र लक्ष्मणदास मोटवानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। कल्याणदास मोटवानी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवासदन अस्पताल ने अभी तक 2059 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। कार्यपालन ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है । परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।



# अर्द्धवार्षिक परीक्षा में देरी और बोर्ड की जल्दबाजी में उलझी प्री-बोर्ड एग्जाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के इस बार प्री-बोर्ड एग्जाम अधिकारियों की लापरवाही का शिकार हो गई है। इस बार भी 10वीं और 12वीं के प्री-बोर्ड एग्जाम नहीं होंगे। इसकी जगह अब डीपीआई माशिमं की नवीन अंक योजना के आधार पर 9वीं से 12वीं तक के प्रैक्टिस पेपर कराएगा। स्कूलों में प्रैक्टिस पेपर 8 जनवरी से 13 जनवरी के बीच होंगे। यह सिर्फ प्रैक्टिस पेपर ही रहेंगे। इनका वार्षिक परीक्षा से कोई संबंध नहीं होगा।

## अब प्री-बोर्ड की बजाय डीपीआई कराएगा प्रैक्टिस पेपर, 8 जनवरी से होगी शुरूआत




इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के स्कूल प्राचार्यों को आदेश जारी किए हैं। इसके पेपर लोक शिक्षण संचालनालय जिलों में ऑनलाइन भेजेगा। यह प्रश्न-पत्र पांच जनवरी तक विमर्श पोर्टल पर प्राचार्यों की लागइन पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। स्कूल स्तर पर प्राचार्य पेपरों की फोटो कॉपी करवाकर 8 से 13 जनवरी के बीच में प्रैक्टिस पेपर से विद्यार्थियों की तैयारी करवाएंगे। 15 जनवरी से वार्षिक परीक्षा शुरू होने तक शिक्षक विद्यार्थियों के डाउट क्लीयर कर तैयारी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाएंगे।

### पेपर घर ले जा सकेंगे, ग्रेड तय कर तैयार होगा रिकार्ड

विद्यार्थी इन पेपरों को घर ले जाकर भी हल कर सकते हैं। प्रैक्टिस पेपर के दौरान स्कूलों की अन्य गतिविधियां सामान्य रूप से चलेगी। स्कूलों के प्राचार्य 9वीं से 12वीं की कक्षाओं के सी, डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों का रिकार्ड स्वयं की डेस्क पर रखा जाएगा तथा वार्षिक परीक्षा के पूर्व अभ्यास में समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करानी होगी।

### इस कारण प्रभावित हुई परीक्षा

लोकसभा चुनाव के चलते इस बार एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं निर्धारित समय से एक महीने पहले पांच फरवरी से आयोजित की जा रही हैं। इस बार डीपीआई द्वारा स्कूलों में अद्धवार्षिक परीक्षा और प्री बोर्ड एग्जाम कराने का सुनियोजित प्लान नहीं बनाया जा सका। नतीजन जो अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अक्टूबर नवंबर में खत्म हो जाना चाहिए थीं, वह दिसंबर के महीने में अनुगूंज व बालरंग के कार्यक्रम के बीच कराई गईं। ऐसे में प्री-बोर्ड परीक्षा के लिए समय ही नहीं बचा है और अब वार्षिक परीक्षा के लिए करीब एक महीने का ही समय बचा है। ऐसे में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं हो पाएगी।

### कैबिनेट में प्रतिनिधित्व का फार्मूला

# 23 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा ने बिछाई मिशन 24 की बिसात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विधानसभा चुनाव में जीत और लोकसभा चुनाव में जीत की तलाश के तहत भाजपा ने मिशन -2024 की बिसात मप्र कैबिनेट के गठन के साथ ही बिछा दी है।

प्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्रों में से 23 का मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व हो गया है। हालांकि बालाघाट, छिंदवाड़ा, धार, गुना, खंडवा और खरगोन लोकसभा क्षेत्र से कोई मंत्री नहीं है। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी सात विधानसभा सीटों से कांग्रेस जीती थी। इस कारण यहां से किसी को मंत्री बनाना संभव नहीं था। धार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आठ विधानसभा सीटों में तीन में भाजपा और बाकी में कांग्रेस जीती थी। मंत्रिमंडल विस्तार के पहले ही इस बात की पूरी उम्मीद थी कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्रीय समीकरणों पर विशेष ध्यान देगी। केंद्रीय नेतृत्व से भी इसी तरह के निर्देश मिलने की बात सामने आ रही थी। वैसी ही कोशिश अब नजर आ रही है। कुल मिलाकर इन लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत के लिए भी इन मंत्रियों को जी-जान से जुटना पड़ेगा। विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा संकल्प पत्र में किए गए वादों को सरकार के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में पूरा करने की जिम्मेदारी इन पर रहेगी।

### यह है क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व

चंबल- 6, बुंदेलखंड - 3, विंध्य - 4, महाकोशल - 3, मध्य भारत - 8 मालवा-निमाड़ - 9

### छात्रों के बीच हुई मारपीट का मामला

# आरजीपीवी में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक आज, कल हो सकते हैं छात्रों के बयान




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में छात्रों के बीच हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक में रखी गई है। इस बैठक में झगड़े में शामिल छात्रों के संबंध में यूनिवर्सिटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद बुधवार को मारपीट में शामिल 20 छात्रों से पूछताछ की जाएगी। बयान के बाद छात्रों पर कार्रवाई होगी। आरजीपीवी के यूआईटी इंचार्ज, डॉ. विनय थापर ने बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड को पूरे मामले की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को विश्वविद्यालय में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने का मामना

### कांग्रेस सेवादल और एनएसयूआइ के पदाधिकारियों की बैठक

# पटवारी ने पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के दिए निर्देश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस सेवादल और एनएसयूआइ के पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन संगठनों में जोश भरने की कोशिश की और कहा कि तीन माह बाद लोकसभा चुनाव होने हैं। सेवादल के सिपाही घर-घर जाकर कांग्रेस की रीति-नीति, सिद्धांतों, विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। पटवारी ने पार्टी के अनुशाांगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक के क्रम में पटवारी ने सेवादल और एनएसयूआइ के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने दोनों संगठन के पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए। पटवारी ने कहा कि 15 माह के कार्यकाल को छोड़ दें तो 20 वर्षों से हम सत्ता में नहीं है, लेकिन पूरा जीवन हमने कांग्रेस को दिया है। सेवादल से जुड़े पुरानी पीढ़ी के लोगों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। सेवादल के लिए कहा कि किसी भी परिस्थिति में संगठन से जुड़े कार्यकर्ता अपनी पार्टी को धोखा नहीं देता है।

**आज बैठक** - कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह मंगलवार को प्रदेश और जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी संबोधित करेंगे।

### मप्र कांग्रेस प्रभारी महासचिव का स्वागत



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस का प्रभारी महासचिव बनने के बाद पहली बार भंवर जितेंद्र सिंह भोपाल हवाई अड्डा पहुंचे,जहां उनका स्वागत मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी वा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार एवं कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।

# फार्मेसी में प्रवेश के लिए आज से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) द्वारा फार्मेटी कॉलेजों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। यह काउंसलिंग 30 दिसंबर तक चलेगी।

रजिस्ट्रेशन के बाद विद्यार्थी 28 से 30 दिसंबर तक कॉलेजों में सुबह 10.30 बजे उपस्थित एडमिशन ले सकते हैं। वर्तमान में प्रदेश में फार्मेसी के 194 कॉलेज संचालित हो रहे हैं। 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 244 हो गई है। पिछले काउंसलिंग के बाद फार्मेसी की 5,387 सीटें खाली हैं। अब नए 50 कॉलेजों की 8 हजार सीटें बढ़ने से फार्मेसी की 13,387 सीटों पर एडमिशन होगा। सितंबर में करीब 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद फार्मेसी कॉलेजों की संख्या 244 तक पहुंच गई है। इसके चलते अब करीब 34 हजार सीटें हो गई हैं।

# सामाजिक न्याय योजनाओं के लाभ के लिए समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी जरूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा समग्र पोर्टल पर नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है।

# पेंशनर्स से जीवन प्रमाण पत्र के नाम पर फर्जी फोन काल से बचने की अपील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जिला पेंशन अधिकारी ने साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचने की अपील की है। अपराधी के पास पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी समस्त जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है। पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

**मेट्रो एंकर** | मप्र कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड

# युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रस्ताव हो रहा तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड ने इलेक्ट्रानिक, बिजली प्लंबिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। बोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों की माने तो मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बोर्ड इस कार्ययोजना को धरातल पर उतारेगा। युवा कंप्यूटर में दक्ष होकर बड़ी कंपनियों में काम करने के लिए काबिल बने इसके लिए बोर्ड कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा की पद्धति से युवाओं को जोड़ने की प्रक्रिया में जुट गया है। बिजली के क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को बिजली संबंधित उपकरण बनाने से लेकर ट्रांसफार्मर बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दिया है।



दरअसल, सीखों कमाओ योजना के तहत 2 लाख से ज्यादा युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन अब तक करा चुके हैं। रोजगार में स्थायित्व लाने की प्रक्रिया को लेकर बोर्ड मंथन कर रहा है। बोर्ड के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार मनचाहा रोजगार नहीं मिलने के चलते युवा रोजगार छोड़कर वापस लौट आते है। ऐसे युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में दक्ष बनाने के लिए बोर्ड युवाओं को मनौवैज्ञानिक ट्रेनिंग देने के अलावा उन्हें आधुनिक तकनीक में दक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव बना लिया है। टैकृनिंग करने वाले युवाओं को बोर्ड मनोवैज्ञानिक के अलावा उन्हें योग की प्रक्रिया से जोड़ने पर विचार कर रहा है। जिससे युवा रोजगार के क्षेत्र में मासिक रूप से मजबूती के साथ चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकें।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

सुविचार

''किरण चाहे सूर्य की हो या आशा की,
जब भी निकलती है तो सभी अंधकारों को मिटा देती है।''
– अज्ञात

l ikndh;

## महिलाओं को मौके व बदलती मानसिकता

अल हाल में एक ऐसा आंकडा खुश कर रहा है,जो महिलाओं की बढती ताकत और महत्वपूर्ण स्थानों व कामों में उनकी भागीदारी को दर्शाता है। इसके तहत मौजूदा वर्ष यानी 2023 में सेना ने कुल एक सौ अट्ठाईस महिलाओं की स्थायी नियुक्ति के साथ-साथ कर्नल जैसे उच्च पद के लिए उनका चयन किया है। हालांकि यह भी कहा जा सकता है कि जो अवसर महिलाओं को एक स्वाभाविक व्यवस्था के तहत मिलने चाहिए थे, उसके लिए कोर्ट को आगे आना पड़ा। जबकि यह एक जाहिर तथ्य है कि सामान्य जीवन से लेकर शिक्षा या नौकरी के क्षेत्र में सेना तक के ढांचे में जहां भी महिलाओं को मौका मिला है, वहां की समग्र तस्वीर और कार्य की गुणवत्ता में बेहतरी आई है। दरअसल सार्वजनिक जीवन में बढ़ती भागीदारी के बीच आमतौर पर हर क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ी है, मगर सैन्य बलों में स्वास्थ्य जैसी कुछ खास सेवाओं को छोड़ दें, तो उनकी संख्या संतोषजनक नहीं मानी जाती थी। इसीलिए एक तरह से वहां असंतुलन ही नजर आता था। क्योंकि पुरूष अफसरों की भरमार थी। हालांकि कुछ समय पहले इस क्षेत्र में महिलाओं को मौके देने को लेकर कई स्तर पर प्रयास शुरू हुए और अब उनके नतीजे आने शुरू हो गए हैं। बताया जाता है कि इस वर्ष कुल चार बार पदोन्नति बोर्ड का गठन किया गया और अब चयनित महिला अधिकारियों को सेना में युद्ध के मोर्चे को छोड़ कर बाकी अन्य शाखाओं में तैनात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनवरी में पदोन्नति बोर्ड ने एक सौ आठ महिलाओं को स्थायी नियुक्ति के साथ कर्नल पद के लिए चुना था। उसके बाद अब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से सेना के उच्च पदों के ढांचे को समावेशी बनाने की दिशा में एक निरंतरता देखी जा सकती है। जाहिर है, पिछले कुछ समय से सेना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से जो प्रक्रिया चल रही थी, उसमें इसे एक सकारात्मक उपलब्धि के तौर पर देखा जाएगा। दरअसल, सेना में कर्नल जैसे पद पर बदलती तस्वीर का मुख्य आधार करीब तीन वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय का आया वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसके तहत महिला अधिकारियों के लिए स्थायी आयोग की व्यवस्था की गई। इसके बाद ही सेना में महिलाओं की आगे की उन्नति और पदोन्नति का मार्ग खुला। इसी क्रम में महिलाओं के लिए नेतृत्व और उच्च प्रबंधन पाठ्यक्रम शुरू किया गया। हालांकि अन्य लगभग सभी क्षेत्रों में मौका मिलने पर महिलाओं ने जिस तरह अपनी क्षमताएं साबित की हैं, उसके मद्देनजर सेना में भी उनके लिए अवसर बनने में कोई अड़चन आनी नहीं चाहिए थी। मगर कई वजहों से इससे संबंधित सवाल उठने पर नाहक ही टालमटोल होती रही। निश्चित रूप से इस मसले पर खड़ी होने वाली बाधाओं के पीछे सामाजिक धारणाओं पर आधारित एक गैरजरूरी पूर्वाग्रह रहा, जिसमें गलत दलीलों पर महिलाओं को कम करके आंका जाता रहा है। इस मसले पर सर्वोच्य अदालत ने फरवरी, 2020 में स्थिति को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया कि महिलाएं भी सेना में पुरुषों की तरह कमांड यानी किसी सैन्य टुकड़ी के नेतृत्व का दायित्व संभाल सकती हैं। शीर्ष अदालत ने सामाजिक धारणाओं के आधार पर महिलाओं को समान मौके न मिलने को परेशान करने वाला, समानता के खिलाफ और अस्वीकार्य बताया था। इस संदर्भ में अदालत ने यह भी कहा कि सेना की सभी महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिले, चाहे वे कितने भी समय से कार्यरत हों। केंद्र सरकार महिलाओं के बारे में मानसिकता बदले और सेना में समानता लाने के लिए कदम उठाए।

# बेरोजगारी और भगतसिंह

राम पुनियानी

गत 13 दिसंबर 2023 को दो युवक संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर कूद गए, जहां उन्होंने पीले रंग की एक गैस हवा में छोड़ी। इससे सदन में हंगामा मच गया। पूरी योजना चार युवाओं द्वारा बनाई गई थी जो बेरोजगारी की ओर देश का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। इन युवाओं में से एक आटो रिक्शा चालक और एक किसान था, एक सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी था। इन सभी को कर्नाटक से निर्वाचित सांसद प्रताप सिम्हा द्वारा दर्शक दीर्घा के पास उपलब्ध करवाए गए थे। इनमें से दो, जो भवन के अंदर घुसे थे, ने अपने जूतों में गैस के कैन छुपाए हुए थे। सन् 2001 में इसी दिन (13 दिसंबर) संसद पर आतंकी हमला हुआ था और युवाओं के सदन में कूदने से पहले सांसदों ने उस हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी थी। युवाओं के जिस समूह ने इस घटना की योजना बनाई थी, उसमें स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त 42 वर्ष की नीलम आजाद और 22 वर्ष के सागर शिंदे शामिल थे। जिस समय उनके दो साथी सदन के अंदर गैस छोड़ रहे थे उस समय ये लोग संसद भवन के प्रांगण में यही कर रहे थे। नीलम आजाद हरियाणा के जींद से हैं। उनके पास एमए एमएड और एमफिल की डिग्रियां हैं। इसके अतिरिक्त वे नेशनल एलीजिबिलिटी टेस्ट (नेट) भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। वे अब भी बेरोजगार हैं। युवाओं ने अंदर जो नारे लगाए उनमें शामिल थे 'तानाशाही खत्म करो', 'संविधान की रक्षा करो', 'जय हिन्द' और 'वंदे मातरम'। उनका उद्धेश्य बेरोजगारी के गंभीर संकट की ओर देश का ध्यान खींचना भी था। ये सभी लोग भगतसिंह फैन्स क्लब नामक एक सोशल मीडिया ग्रुप के सदस्य हैं। वे एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। उनका प्रेरणास्त्रोत था भगतसिंह की ठीक इसी तरह की कार्यवाही। सन् 1929 में भगतसिंह और उनके मित्र बटुकेश्वर दत्त ने सेन्ट्रल असेम्बली की दर्शक दीर्घा से एक बम सदन में फेंका था। उन्होंने बम फेंकने के पहले यह सुनिश्चित किया कि उससे किसी को चोट न पहुंचे। दोनों क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरोध में पर्चे भी सदन में फेंके थे। इन युवाओं, जिन्हें अवैध गतिविधियां निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है, ने बढ़ती हुई बेरेजगारी के मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में लाने का अत्यंत प्रभावी प्रयास किया है। भगतसिंह और उनके कामरेडों ने बम फेंकने का निर्णय इसलिए लिया था क्योंकि उन्हें अच्छी तरह पता था कि समाचारपत्रों में उनके विचारों को कोई स्थान नहीं मिलेगा। इस समय भी स्थिति ठीक यही है। मुख्यधारा का मीडिया, जिसे 'गोदी मीडिया' का अत्यंत उपयुक्त नाम दिया गया है, का आम लोगों के सरोकारों और परेशानियों के प्रति पूर्णतः उपेक्षापूर्ण रवैया है। बढ़ती मंहगाई, हंगर इडेक्स में भारत की गिरती स्थिति और बेरोजगारों की दिन-ब-दिन बड़ी होती फौज मीडिया को न तो नजर आ रही है और ना ही उसे इनसे कोई मतलब है।

मोदी ने 2014 के आम चुनाव के लिए प्रचार के दौरान वायदा किया था कि सत्ता में आने के बाद भाजपा की सरकार हर वर्ष रोजगार के दो करोड़ अवसर निर्मित करेगी। असल में हुआ इसके उलट। नोटबंदी के कारण लघु उद्योगों और गांवों और छोटे शहरों में करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां और काम-धंधे खो दिए। यह सरकार बड़े कारपोरेट घरानों के पूर्ण नियंत्रण में है और रोजगार के अवसरों के सृजन के बारे में सोच भी नहीं रही है। उल्टे कुछ कुबेरपति (नारायण मूर्ति) लोगों से हफ्ते में 70 घंटे काम करने के लिए कह रहे हैं। असंगठित क्षेत्र में प्रति कार्यदिवस काम के घंटे पहले ही 8 से बढ़कर 12 हो चुके हैं। 'द इकानामिक टाईम्स' में प्रकाशित एक खबर कहती है कि सेंटर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकोनामी के आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी की सकल दर, जो सितंबर में 7.09 प्रतिशत थी, पिछले माह बढ़कर 10.05 प्रतिशत हो गई। यह मई 2012 के बाद से अब तक की उच्चतम दर है। इसी अवधि में ग्रामीण बेरोजगारी की दर 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 10.82 प्रतिशत हो गई। शहरी बेरोजगारी में मामूली गिरावट आई और यह 8.44 प्रतिशत रही। इसी समाचारपत्र ने 1 नवंबर 2023 को प्रकाशित एक खबर में लिखा, पिछले महीने इंफोसिस लिमिटेड व विप्रो लिमिटेड सहित कई ऐसी भारतीय कंपनियों, जो तकनीकी सेवाओं की आउटसोर्सिंग करती हैं, ने घोषणा की है कि वे नए स्नातकों को काम देने की अपनी योजनाओं को विराम दे रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। चार साधारण युवा 'अभेद्य सुरक्षा' को बहुत आसानी से भेदने में सफल रहे हैं। मगर इसे कोई गंभीर षड़यंत्र बताकर मूल मुद्दे से ध्यान हटाने की बजाए सरकार को बेरोजगारी की समस्या के सुलझाव की दिशा में काम करना चाहिए। यह साफ है कि ये युवा किसी आतंकी या अतिवादी समूह या संगठन से जुड़े हुए नहीं हैं। यह भी अच्छा है कि इनमें से कोई मुसलमान नहीं है। वर्ना इस घटना का इस्तेमाल भी इस्लामोफोबिया को और हवा देने के लिए किया जाता।

इन युवाओं ने यह बता दिया है कि भगतसिंह को केवल शाब्दिक श्रद्धांजलि देने से काम नहीं चलने वाला है। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। भगतसिंह जनांदोलनों के हामी थे। अपने जीवन की शुरूआत में वे हिंसा के समर्थक थे परंतु बाद में उन्होंने हिंसा का रास्ता त्याग दिया था। वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि केवल आम लोगों की गोलबंदी के बल पर ही हम आजादी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सेन्ट्रल असेंबली में किसी को मारने के लिए नहीं बल्कि 'बेहरों को सुनाने के लिए' बम फेंका था। यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता की बात है कि मुसीबतों के भंवर में फंसे हमारे युवा भगतसिंह को अपने मार्गदर्शक के रूप में देख रहे हैं। पूरे घटनाक्रम को उसके सही संदर्भ में समझा और देखा जाना चाहिए। गोदी मीडिया की तर्ज पर इसके पीछे कोई खतरनाक षड़यंत्र ढूंढ़ने का प्रयास नहीं होना चाहिए। युवाओं का उद्धेश्य एकदम साफ है और यह भी साफ है कि वे किसी भी किस्म की आतंकी विचारधारा से प्रेरित नहीं हैं और उनके एकमात्र प्रेरक और मार्गदर्शक हमारे स्वाधीनता संग्राम के महानतम क्रांतिकारी भगतसिंह हैं।



इसका मतलब यह है कि कालेजों से निकलने वाले हजारों इंजीनियरिंग डिग्रीधारी बेरोजगार रहेंगे। इस सबके बीच प्रजातांत्रिक विरोध के लिए स्थान और अवसर सिकुड़ते जा रहे हैं। विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी यूनियनों के चुनाव नहीं होने दिए जा रहे हैं और ऐसे सेमिनारों का आयोजन भी बाधित किया जा रहा है जिनमें सरकार की आलोचना की आशंका हो।

संसद में जो हुआ वह स्पष्टतः कुंठित विद्यार्थियों और युवाओं द्वारा अपनी पीड़ा को अभिव्यक्त करने का प्रयास था। इसमें कोई संदेह नहीं कि जो तरीका इन युवाओं ने अपनाया वह सही नहीं था। मगर क्या इन युवाओं के खिलाफ यूएपीए जैसे कड़े और भयावह कानून के अंतर्गत मामला दर्ज करना उचित है? राहुल गांधी ने बढ़ती बेरोजगारी और मंहगाई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया है। मगर विपक्ष की मांग के बावजूद गृह मंत्री इस घटना पर संसद में वक्तव्य देने से बचते रहे हैं। जो स्पष्ट दिख रहा है उसे देखने और समझने की बजाए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं कि यह संसद की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने का गंभीर मामला है और इसके पीछे कौनसे तत्व हैं इसका पता लगाया जाना जरूरी है। यह सही है कि इस घटना ने संसद की

यह तो कोई नहीं कह सकता कि अपनी बात रखने के लिए इन युवाओं ने जो तरीका अपनाया वह ठीक था। मगर उन्हें खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने या उनके पीछे किसी बड़ी शक्ति को ढूंढ़ने की कोशिश करने की बजाए उनके दर्द, उनके सरोकार और उनके संदेश को समझने की कोशिश होनी चाहिए। यही हमारे देश के प्रजातांत्रिक होने का सुबूत है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं यह उनके अपने विचार हैं।)**

## निशाना

### टिकट नहीं कन्फर्म !



– कृष्णोन्द्र राय

खूब चलाई ट्रेन ।
बहुत बिछाया जाल ।।
टिकट नहीं कन्फर्म ।
बड़ा बुरा है हाल ।।
रोज़ है स्पेशल ।
नहीं है लेकिन बर्थ ।।
खूब मशक्कत होती ।
है सब कुछ पर व्यर्थ ।।
है करना स्वीकार अब ।
तंत्र का उपहार ।।
बड़ी ये आबादी ।
है हर दम लाचार ।।
कब होना सुधार ?
है भविष्य के गर्भ ।।
व्याकुल रहते यात्री ।
इसी के सन्दर्भ ।।

## आज का इतिहास

- **1748** - फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- **1904** - दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन।
- **1925** - तुर्की में ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया गया।
- **भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना।
- **1977** - सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- **1978** - भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया।
- **1997** - उड़ीसा की प्रमुख पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की।
- **2002** - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिक्षद ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ़ कांगो में पुनः संघर्ष शुरू होने की सूचना दी।
- **2003** - रिक्टर पैमाने पर 6.6 की तीव्रता वाले भूकंप से ईरान के दक्षिणी पूर्वी शहर बाम में भारी तबाही।
- **2004** - रिक्टर पैमाने पर 9.3 की तीव्रता वाले भूकंप से आई सुनामी के कारण श्रीलंका, इंडिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, मालदीव और आस पास के क्षेत्रों में भारी तबाही। दो लाख तीस हजार लोगों की मौत।
- **2006** - शेन वार्न ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा।
- **2007** - तुर्क विमानों ने इराकी कुर्द ठिकानों पर हमले किये।
- **2008** - कृतिका को हराकर तानिया संयुक्त शीर्ष पर पहुँची।
- **2012** - चीन की राजधानी बीजिंग से ग्वांग्झू शहर तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग को खोला गया।

# संवैधानिक प्रावधान और अस्मिता के प्रश्न

जयसिंह रावत

वर्षान्त में मूल निवास व मजबूत भूमि कानून की मांग को लेकर देहरादून में आहूत महारैली में जिस तरह जनसैलाब उमड़ा उसे उत्तराखण्ड की जनता की भावनाओं का उद्वेग ही कहा जा सकता है। कहीं-न-कहीं जनभावनाओं का यह उफान फिलहाल लोगों की सांस्कृतिक पहचान के लिये ज्यादा लगता है। जमीनों की खरीद-फरोख्त पर मजबूत भू-कानून के जरिये रोक लगाने की मांग भी पहाड़ी लोगों की सांस्कृतिक पहचान अक्षुण रखने के लिये ही है। लेकिन मूल निवास का मुद्दा अन्ततः नौकरियों और अन्य सरकारी सुविधाओं तक ही पहुंचेगा, जिसे संवैधानिक रुकावटों से गुजरना होगा। संविधान अपने नागरिकों को समानता के मौलिक अधिकार के साथ राज्य के अधीन किसी भी पद के संबंध में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान, निवास या इसमें से किसी आधार पर भेदभाव की स्पष्ट मनाही करता है।

सवाल केवल उत्तराखण्ड के मूल निवास आन्दोलन तक सीमित नहीं है। मध्य प्रदेश की पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा जन्म के आधार पर राज्यवासियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की घोषणा की जा चुकी थी। मूल निवास के आधार पर विरोध और समर्थन की बहसों के बावजूद कुछ राज्यों में जन्म के आधार पर और कुछ में भाषा के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था लागू हो चुकी है। आरक्षण का मुद्दा एक संवैधानिक विषय है, विभेद विहीन समान अवसरों की गारंटी देने वाले अनुच्छेद 16 के उपखण्डों में संशोधन संसद ही कर सकती है।

मूल निवास या जन्म के आधार पर आरक्षण की बात उठती है तो संविधान के अनुच्छेद 16के उपखण्डों का जिक्र आवश्यक है। संविधान में अनुच्छेद-16 सरकारी नौकरियों में अवसर की




समानता को संदर्भित करता है जबकि अनुच्छेद 16(1) राज्य के अधीन किसी भी पद पर रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए अवसरों की समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 16(2) स्पष्ट करता है कि कोई भी नागरिक केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास के आधार पर राज्य के तहत किसी भी रोजगार या कार्यालय के लिए अयोग्य नहीं होगा या उसके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। लेकिन अनुच्छेद 16(3) इन कानूनों को अपवाद प्रदान करता है। इसमें कहा गया है कि संसद उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भीतर निवास के किसी विशेष स्थान की आवश्यकता निर्धारित करने वाला कोई भी कानून बना सकती है जिसमें सार्वजनिक पद या रोजगार हो। इसका मतलब यह है कि जन्म स्थान के आधार पर सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण के बारे में निर्णय केवल भारत की संसद ही ले सकती है, किसी राज्य की कोई विधायिका नहीं। संसद अब तक इस प्रावधान का लाभ आंध्र प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और हिमाचल प्रदेश को दे चुकी है। कुछ राज्यों को छूट और कुछ को छूट से वंचित रखना भी राज्यों के समानता के अधिकार का हनन है।

महाराष्ट्र में, जो कोई भी 15 साल या उससे अधिक समय से राज्य में रह रहा है, वह सरकारी नौकरियों के लिए तभी पात्र है, जब वह मराठी में पारंगत हो। तमिलनाडु भी ऐसी परीक्षा आयोजित करता है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने मूल निवास के बजाय भाषा को राज्य की सेवाओं में नियुक्ति का आधार बनाया है। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 371 में कुछ राज्यों के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। संविधान के अनुच्छेद 371डी के तहत, आंध्र प्रदेश को निर्दिष्ट क्षेत्रों में स्थानीय कैडरों की सीधे भर्ती करने की अनुमति है।


संविधान के अनुच्छेद 19 (ई) के तहत, प्रत्येक नागरिक को भारत के किसी भी हिस्से में निवास करने और बसने का अधिकार है। इसके अलावा किसी भी राज्य में किसी भी सार्वजनिक पद पर भर्ती होने पर व्यक्ति के साथ उनके जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। संविधान कुछ प्रतिबंधों के बावजूद शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े असमान लोगों को समानता के स्तर तक लाने के लिये अनुच्छेद 15 (4) और 16(4) के जैसे सकारात्मक प्रावधान भी करता है। जो राज्य को उन समुदायों के लिए उच्च शैक्षणिक स्थानों और नियुक्तियों में प्रवेश के आरक्षण के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देते हैं।

दरअसल, देश के सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदीप जैन बनाम भारत संघ के मामले में भूमिपुत्रों के लिए नौकरियां आरक्षित करने की नीतियों को संविधान का उल्लंघन माना था। सन? 1995 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनंदा रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में, प्रदीप जैन वाले मामले के फैसले को बरकरार रखा और उस नीति को रद्द कर दिया, जिसमें शिक्षा के माध्यम के रूप में तेलुगु वाले उम्मीदवारों के लिए अंकों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेटेज की अनुमति दी गई थी। लेकिन जब संसद कुछ राज्यों को जन्म या निवास के आधार पर आरक्षण देने की छूट दे चुकी है तो उसे अब समानता के अधिकार को समान बनाने की पहल भी करनी चाहिए।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# भाजपा ने फिर निराश किया नर्मदापुरम के मतदाताओं को

- शर्मा परिवार से क्या दुश्मनी है भाजपा को, अब पूछ रहे कार्यकर्ता।
- डॉक्टर शर्मा को नहीं बनाया मंत्री।
- जबकि जो लोग पहली बार विधायक बने, वह बन गए मंत्री।



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

यह पहला अवसर नहीं है जब इस जिले के किसी विधायक को भाजपा सरकार ने मंत्री नहीं बनाया बल्कि पिछले 18 वर्षों के कार्यकाल में भाजपा ने जिले के किसी भी विधायक को मंत्री पद पर नहीं बिठाया जबकि इस जिले से ऐसे भी विधायक चुन के गए हैं जो वरिष्ठता के क्रम में किसी भी विधायक से कम नहीं बैठते।

उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो होशंगाबाद इटारसी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा तीसरी बार इटारसी होशंगाबाद विधानसभा के विधायक चुने गए. उन्होंने कई दिग्गजों को हराकर इस सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरा रखा।

इसके पहले जब इटारसी विधानसभा क्षेत्र अलग था तब भी डॉक्टर सीता शरण शर्मा निरंतर चार बार वहां से विधायक चुने गए. जब उनको मंत्री बनाने का नंबर आया तो उन के स्थान पर उनके बड़े भाई पंडित गिरजा शंकर शर्मा को इटारसी क्षेत्र का विधायक बना दिया. पंडित गिरजा शंकर शर्मा एक बार इटारसी के विधायक तथा एक बार परिसीमन के बाद होशंगाबाद इटारसी के विधायक बने।

गिरजा शंकर तीसरी बार यहां से विधायक बनते इसके पहले ही पार्टी ने उन्हें हटाकर फिर से होशंगाबाद- इटारसी विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर सीताशरण शर्मा को प्रत्याशी बनाया. डॉक्टर शर्मा ने यहाँ से तीसरी बार विधानसभा पहुंचे. डॉक्टर सीता चरण शर्मा एक बार मध्य प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं. इतने अनुभवी और वरिष्ठता के क्रम में आने वाले डॉक्टर शर्मा को मंत्री ना बनाया जाना यहां के मतदाताओं की भावनाओं पर कुठाराघात नहीं तो क्या है।

# तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भेंट किए तुलसी के पौधे



**नर्मदापुरम।** मालाखेड़ी में चल रही तुलसी कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान क्वार्टर फाइनल मैच में फाइन वर्क समाज सेवी संस्था के जमील खान द्वारा प्रतियोगिता में शामिल टीम के कप्तानों को तुलसी के पौधे भेंट किए गए. इस अवसर पर क्रिकेट खिलाड़ी धीरज करैया, पंकज गौर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर तुलसी कप आयोजन समिति के राकेश बावरिया इम्तियाज़ खान फैजान खान शाहरूख खान अभिषेक दीपू कहार शैलेंद्र सैनी वीरेंद्र सुमित बावरिया शुभम छोटू कौशल विवेक गौर विवेक वर्मा उपस्थित थे।

# मोहन यादव मंत्रिमंडल में नर्मदापुरम की चारों विधानसभा सीट से नहीं बना कोई मंत्री



**संतोष सिंह चंदेल, सिवनी मालवा**

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर प्रदेश की जनता द्वारा जनता पार्टी पर अपना विश्वास कायम करते हुए एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर हैट्रिक बनाई है। हैट्रिक का कारण मोदी के दिल में मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश के दिल में मोदी और प्रदेश की लाखो लाडली बहनाओं का स्नेह और मामा के प्रति प्रेम के आगे कमल के फूल के अलावा कुछ भी जनता जनार्दन को



नजर नहीं आया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर मोहन यादव सरकार का विस्तार हुआ है इस विस्तार में 13 दिन बाद मंत्रिमंडल का गठन हुआ और इस गठन में नर्मदा पुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद राव उदय प्रताप सिंह को कैबिनेट मंत्रिमंडल में गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। श्री राव के मंत्री बनने पर पूरे संसदीय क्षेत्र में उत्साह और उमंग देखा जा रहा है क्षेत्र का जाना माना चेहरा आज मंत्री पद से नवाजा गया। जिसके लिए उनके शुभचिंताको और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जिन्होंने हमेशा हमेशा भारतीय जनता पार्टी के कंधे से कंधा मिलाकर साथ चले आ रहे हैं उन्होंने श्री राव को भोपाल पहुंचकर शुभकामनाएं और बधाई दी।

वहीं दूसरी ओर नर्मदा पुरम की चारों विधानसभाओ मे पिपरिया, सुहागपुर,नर्मदापुरम, सिवनी मालवा, की चारों विधानसभाओं पर भी जिले की जनता ने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर कायम रख। चारों विधानसभाओं के उम्मीदवारों को विधायक बनाया जिसमें नर्मदा पुरम संभाग से सबसे अधिक मतों से सिवनी मालवा विधानसभा के विधायक प्रेम शंकर वर्मा को जितवा कर विधानसभा भेजा गया। लेकिन क्षेत्र की जनता अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर जब इन चारों विधानसभाओं में से किसी एक विधायक को भी मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया। हम अगर बात करें तो सिवनी मालवा विधानसभा में दिग्विजय सिंह की सरकार में स्व. हजारीलाल रघुवंशी कई विभागों के मंत्री रहे हैं वही शिवराज सिंह सरकार में स्वर्गीय सरताज सिंह भी कई विभागों के मंत्री रहे हैं कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रदेश में किसी की भी सरकार रही हो कांग्रेस हो या बीजेपी उसमें सिवनी मालवा की विधानसभा के विधायक को हमेशा मंत्री पद से नवाजा गया है लेकिन चारों विधानसभा के विधायकों सहित नर्मदा पुरम की जनता को बड़ी उम्मीद लगाए बैठी हुई थी कि चारों विधायकों में से किसी एक विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। खैर आशा से आसमान टिका हुआ है अभी मंत्रिमंडल का गठन हुआ है आगे लोगों की उम्मीद बरकरार है फिलहाल क्षेत्रीय पूर्व सांसद को लगातार बधाई का सिलसिला जारी है।

# नर्मदापुरम जिले की मुस्कान युवने का प्रदेश खो-खो टीम में चयन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**



**छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्र्य खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंगी मुस्कान**

जूनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन बेमेतरा छत्तीसगढ़ में 26 से 30 दिसंबर तक होने जा रहा है।

उक्त आयोजित चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की खो-खो टीम में नर्मदापुरम जिले की मुस्कान युवने चयनित हुई हैं. जिला खो-खो संघ अध्यक्ष बसारत खान ने बताया कि मध्य प्रदेश खो-खो संघ सचिव संजय यादव एवं कोषाध्यक्ष विनोद पोद्दार ने मध्य प्रदेश खो-खो टीम की सूची जारी की है। प्रदेश की टीम में नर्मदापुरम जिले के रावतपुरा सरकार विद्यालय बनखेड़ी की छात्रा मुस्कान युवने का चयन जूनियर मध्य प्रदेश बालिका टीम में हुआ है।

जिला खो-खो संघ उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि नर्मदापुरम जिले की बालक एवं बालिकाओं की टीम 22 से 25 दिसम्बर तक चली 42 वी राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता जबलपुर में भाग लेने पहुंची थी ।जिसमें श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन के आधार पर मुस्कान का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्रा के चयन होने पर अश्वनी मालवीय,जाफर सिद्दीकी,भीम सिंह, कलीराम अहिरवार नीरज बाथरे, राजकुमार पाली,राजेश स्वामी,धर्मेंद्र रनसुरमा,वंश मालवीय, राजेश पटेल ,उमेश , संतोष यादव,अर्पण दुबे, मुकेश गोस्वामी,श्याम मरापे,गजेंद्र,रवि हरदुआ, ने बधाई दी।

# वैश्य समाज ने किया नव वर्ष का कैलेंडर का वितरण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा शिवपुर वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश इकाई द्वारा मुद्रित वैश्य केलेंडर 2024 का वितरण सिवनी मालवा क्षेत्र के शिवपुर इकाई में वैश्य महासम्मेलन में पंजीकृत सदस्यों कमलेश गोयल, मोहनलाल गोयल, सत्यनारायण मित्तल, संतोष मित्तल, श्रीमति गायत्री गोयल, अश्वनी गर्ग, संजय गर्ग, सुरेश मित्तल, मनीष गोयल, संदीप गोयल, दिनेश गर्ग, कमलेश मित्तल, को नव वर्ष की अग्रिम शुभकामना के साथ वितरित किए गए - इस दौरान वैश्य महासम्मेलन शिवपुर तहसील इकाई अध्यक्ष कमलेश गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोनू मित्तल , सचिव दिनेश गर्ग, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्चना गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संभागीय अध्यक्ष अनिल गर्ग उपस्थित रहे।

# आयुष्मान में आंगनवाड़ी, आशा उषा कार्यकर्ता सहित अन्य को 5 लाख रूपये तक का लाभ

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार और संवीदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में इन नई श्रेणियों को भी शामिल किया गया है। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है।

आयुष्मान योजना में कुछ परिवारों को अपात्र भी घोषित किया गया है। जिसमें ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो,ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो और ऐसा परिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य शासन




अथवा केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के पात्र हो शामिल होंगे।

**मेट्रो एंकर**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत आईईसी वैन पहुंची बरखेड़ा गंभीर

# विकास संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को स्वास्थ्य विभाग ने हितलाभ का वितरण किया

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत बरखेड़ा गंभीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया तथा कार्यक्रम को संबोधित कर शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।



विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ा गंभीर में आयोजित कार्यक्रम में शपथ का वाचन कराया जिसे कार्यक्रम में मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों के द्वारा दोहराया गया। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत हथियाखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य उपचार हेतु लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई। ग्राम पंचायत में जिले को आवंटित आई.ई.सी वैन प्रचार रथ पर एलईडी व साउंड के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का संदेश व विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रसारण किया गया। जिसे ग्रामीण जनों के द्वारा देखा और सुना गया।

# मत्स्य विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लें

विदिशा मछली पालन विभाग में विभिन्न प्रकार की अनुदान आधारित रोजगारमुखी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका उद्देश्य मछली पालन से जनमानस को लाभ प्रदान करना है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना का मत्स्य पालक लाभ उठा सकते हैं। आगामी 26 जनवरी तक भारत विकास संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। मत्स्योद्योग विभाग के सहायक संचालक संतोष दुबे द्वारा जिले के समस्त मछली पालन कार्य से सम्बद्ध मत्स्य पालक एवं समिति के सदस्यों एवं अन्य मत्स्य पालन गतिविधियों जैसे नदी नालों, बड़े जलाशयों में मत्स्याखेट तथा मछली विक्रय करने वाले मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से लाभ लेने की अपील की है।









## कोहरे के आगोश में दूसरे दिन भी शहर, ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें




**सिरोंज।** पिछ्ले कुछ दिनों से मौसम हुए बदलाव के बाद आसमान पर बादलों का डेरा था वही की सुबह समूचे शहर को कोहरे ने अपने आगोश में ले लिया आसपास का भी नजर नहीं आ रहा था वाहन चालकों को वाहनों की लाइट जलाने पड़ी 11 बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन हुए इस वजह से तेज ठंड के कारण अधिकांश लोगों ने घरों में रहना ही उचित समझा छुट्टी का दिन होने के कारण सड़कें सुनसान दिखाई दे रही थी वाहन चालकों को तेज कोहरे की वजह से वाहनों चलते में परेशानी हो रही थी , सर्दी के सितम से बचने के लिए लोग आग जलाकर जरूर कुछ जगहों पर बैठकर ठंड से बचने का प्रयास करते हुए नजर आए आने वाले दिनों में करके की सर्दी का सितम जारी रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जारी की गई है। वैसे बारिश की संभावना भी बताई थी पर बारिश नहीं हुई।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से भोपाल पहुंचकर शोएब खान ने समर्थकों के साथ की मुलाकात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार की रात्रि में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजसभा सांसद से भोपाल बंगले पर शोएब खान एवं समर्थकों ने मुलाकात करके सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति के बारे में चर्चा की एवं आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की राजनीति पर चर्चा की वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एडवोकेट शोएब खांन एवं समर्थकों को आश्वासन दिया के क्षेत्र में कभी भी किसी काम की आवश्यकता पड़े तो मैं सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र वासियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा, भेंट करने वालों में एडवोकेट शोएब खांन, हाफिज कमर, सुजा इकबाल, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती पर

## विस के तीनों मंडलों के बूथ केंद्र पर मनाया सुशासन दिवस





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सिरोंज विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण के देवपुर, चितावर मंडल केंद्र के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी जी द्वारा भारतीय जनता पार्टी संगठन की रीति नीतियों को समाज मे स्थापित करने तथा प्रधानमंत्री रहते देश हित मे दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

संगठन के आव्हान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। भाजपा संगठन के तीनो मंडलों के अध्यक्षों ने बूथ स्तर पर जयंती आयोजन को लेकर योजना बनाकर प्रत्येक मतदान व वार्ड केंद्र पर वक्ता तय किए थे। इसी के तहत सभी मतदान केंद्रों पर तय समयानुसार अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओ ने देश को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रत्येक परिवार को भाजपा से जोड़ने,सरकार की योजनाओं से अंत्योदय के कल्याण तथा अपने प्राकृतिक वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को अटल विहारी द्वारा राष्ट्रवाद के विचार को जन जन तक पहुँचाने के लिए किए संघर्ष त्याग से लेकर प्रधानमंत्री बनने पर देश में गाँव गरीब किसान आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं, देश को विदेशी ताकतों के विरोध के बाबजूद परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाने में दिए गए योगदान पर विचार व्यक्त किए।

### अनाथ-निराश्रितों को बाँटा भोजन कंबल

अटल जी की जयंती के उपलक्ष्य में नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ ने गरीब निराश्रितों को भोजन वितरण भी किया । इसके लिए भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता एकत्रित होकर सुबह के समय टाकीज चौराहे पर एवं शाम को लिंक रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुँचे। जहाँ उन्होंने प्रतिदिन भोजन करने आने वाले गरीब असहाय लोगो को खीर पूड़ी सब्जी परोसी तथा ठंड से बचाव के लिए कंबल का भी वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता रमेश यादव, नपाउपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, हरिचरण अहिरवार, पार्षद जयनारायण सेन, बलजीत यादव आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद

## नपा ने बासौदा नाके पर सड़क को चौड़ा करने का काम किया प्रारंभ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बासौदा नाके पर दोनों तरफ से सड़क को चौड़ी करवाने का नगर पालिका परिषद के द्वारा करवाया जा रहा है। विधायक के निर्देश के बाद एसडीएम के द्वारा शहर की सूरत बदलने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। यहां पर पहले अतिक्रमण होने के कारण रास्ता सकरा हो गया था सड़क भी सकरी थी इसलिए यहां पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी चारों तरफ से वाहनों का आना-जाना होता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी के निर्देश पर नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू के द्वारा सड़क चौड़ीकरण करवाने का कार्य प्रारंभ करवा दिया है। सोमवार को दोनों तरफ से सड़क को खोद कर निर्माण कार्य का काम भी शुरू हो गया है। यहां पर दूरसंचर विभाग की लाइन थी इसको भी व्यवस्था जरूर से करवाने का काम हो रहा है ।इस वजह से दिन भर विभाग के कर्मचारी लाइन को सही करने में लग रहे। वही नगर पालिका परिषद की पाइपलाइन भी यही से डाली हुई है उसका पॉइंट भी है यहीं पर है सड़क बनने से पहले ही उसका भी उचित इंतजाम हो जाए जिससे की लीकेज होने पर कभी यहां पर सड़क की खुदाई ना करना पड़े यदि सड़क की खुदाई की गई तो जो प्रयास एसडीएम के द्वारा करवाए जा रहे हैं। उन पर पानी फिर जाएगा जल्दी यहां पर सड़क बनाने के साथ चौड़ी हो जाएगी तो जाम की समस्या भी यहां पर काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## पीएम जन-मन मिशन के अंतर्गत खंड स्तरीय समितियां गठित

**विदिशा ।** पीएम जन-मन ( पीव्हीटीजी ) मिशन के संदर्भ में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने जिले के सभी सातों विकास खण्डों में खण्डस्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय ,अभिसरण हेतु समिति का गठित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर श्री भार्गव द्वारा गठित समिति में उपखण्ड मजिस्ट्रेट अनुविभागीय अधिकारी,जनपद पंचायत सीईओ ,महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी,बीईओ, बीएमओ , पीएचई एसडीओ,आईटीआई प्राचार्य , ऊर्जा विभाग के उप महाप्रबंधक, वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा जनजातीय कार्य विभाग के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। उपरोक्त समिति पीएम-जनमन ( पीव्हीटीजी ) मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर द्वारा समय-समय पर प्रदाय निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेगें।

## तापमान में गिरावट का असर, चने की फसल में बढ़ा इल्लियों का प्रकोप

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

जिले में मौसम में बदलाव दर्ज किया जा रहा है। इसलिए सुबह शाम के समय तेज सर्दी देखी जा रही है। मौसम में आ रहे बदलाव के कारण से रबी की फसलों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है, किसानों की माने तो चने की फसल पर इल्लियों का प्रकोप देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कोहरे के इस कारण से रबी की फसलों को फायदा हुआ था। बीते दिनों हुई बरसात के बाद से ही मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है, इस कारण से शाम ढलते ही बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा देखा जा रहा है।

**तापमान में हुई गिरावट:** मौसम में आए बदलाव के कारण से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। शहर के आरएके कालेज के मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर ने बताया कि बीते 24 घंटों में दिन का अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया है। आगामी 48 घंटे तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। जिले में बीते एक सप्ताह में करीब नौ डिग्री न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं रात के तापमान में भी उतार चढ़ाव जारी है। वहीं रात दिन के तापमान में आ रही गिरावट के कारण से बाजार में गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ गई है।

### इल्लियों से परेशान किसान

जिले में मौसम में आ रहे बदलाव के कारण से चने की फसल में इल्लियों का प्रकोप देखा जा रहा है। इससे किसान इस समय चने की फसल में कीट नाशकों का प्रयोग कर रहे हैं। इस संबंध में ग्राम कउडिया के किसान राम सिंह परमार ने बताया कि बीते दिनों से सर्दी पड़ रही है, इससे फसलों को फायदा होगा।



**मेट्रो एंकर**

### जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## शिविर लगाकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित, लोगों को योजनाओं की दी जा रही अनेक जानकारी

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सिलवानी विकसखण्ड की ग्राम पंचायत पड़रियाखुर्द तथा कीरतपुर में, बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलोहा तथा हप्पिली में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पेनगवां तथा गुंदरई में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केकडा तथा पतई में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मगरपूंछ तथा खसरोद में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उदयगिरी, मेहरगांवकला, पांजरा विजयसिंह तथा मगरधा में और सांची विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेढ़की तथा पग्नेश्वर में पहुंची।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्रर्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन ( प्रचार रथों ) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही सूर्यनमस्कार सहित योग आसनों का भी प्रदर्शन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही मृदा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।



# भारत-साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज: अफ्रीकी जमीन पर बल्लेबाजों का 'टेस्ट'



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

टीम इंडिया के साउथ अफ्रीका दौरे की सबसे बड़ी परीक्षा अब शुरू हो रही है।टी20 में बराबरी के बाद वनडे में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।सीरीज का पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर यानी आज मंगलवार से सेंचुरियन में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होने वाले दो टेस्ट मैचों की यह सीरीज भारत के नजरिये से बेहद अहम कही जा सकती है, क्योंकि टेस्ट चैंपियनशिप के नजरिये से विदेशी सरजमीं पर मिलने वाली जीत के अंकगणित के मायने अधिक होते हैं। वैसे तो साउथ अफ्रीका की धरती बल्लेबाजों के लिए आसान जगह नहीं है, यहां की पिचों के उछाल और तेजी से गेंदबाजों को फायदा मिलता है।वहीं अगर हम बात सेंचुरियन के मैदान की करें तो यहाँ पर भारत ने तीन टेस्ट खेले हैं और एक में जीत हासिल की है, दो में उसे हार मिली है। हालांकि दोनों देशों के बीच 2021 में यहां खेला गया टेस्ट मैच भारत ने जीता था।कप्तान रोहित, कोहली व के एल राहुल की मौजूदगी में भारत के टॉप ऑर्डर के 3 खिलाड़ी श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल अफ्रीका में पहली दफा टेस्ट मैच खेल रहे हैं।केएल राहुल के पहले टेस्ट में विकेटकीपिंग करने की उम्मीद है लेकिन यह टीम मैनेजमेंट की लंबे समय की योजना नहीं हो सकती है।भले ही इससे टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज खिलाने का मौका मिल जाता है।लेकिन भारतीय सरजमीं की फिरकी मददगार घुमावदार पिचों पर विशेषज्ञ विकेटकीपर की ही अहमियत होती है। टीम इंडिया की अंतिम एकादश में शार्दूल/अश्विन और मुकेश कुमार/प्रसिद्ध कृष्णा का ही फैसला मैनेजमेंट को लेना है बाकी 9 खिलाड़ियों की जगह लगभग तय है।फिरकी ऑलराउंडर के तौर पर जडेजा जबकि तेज गेंदबाजी की कमान बुमराह व सिराज के हाथों में रहेगी।अगर हम दोनों टीमों के संयोजन पर गौर करें तो ऐसा कहा जा सकता है कि साउथ अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण ज्यादा संतुलित नजर आ रहा है,जबकि बल्लेबाजी में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है, लेकिन रबाडा, एंगीडी व जेंसन के साथ युवा कोर्टडी के सामने टीम इंडिया के दिग्गजो का टेस्ट चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।वहीं मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की गेंदबाजी के सामने अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम का भी घरेलू मैदान पर टेस्ट होने वाला है।मतलब साफ है कि सेंचुरियन के मैदान पर होने वाला पहला टेस्ट मैच सही मायने में दोनों ही टीमों के बल्लेबाजों का असल टेस्ट साबित होने वाला है।हालांकि बारिश और तूफान की आशंका के चलते मैच में व्यवधान की आशंका भी जतायी जा रही है, फिर भी एक बात तय है कि क्रिकेट प्रेमियों को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में रोमांचक क्रिकेट का भरपूर मजा मिलने वाला है।

### भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला आज से

# टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से अहम

**सेंचुरियन, एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला आज से सेंचुरियन में खेला जाएगा। सुपरस्पोर्ट पार्क मैदान में मुकाबला दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा। टॉस दोपहर एक बजे होगा। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका में अब तक एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। दोनों ही टीमों के लिए सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से अहम है। टीम इंडिया ने इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और एशिया के सभी देशों में टेस्ट सीरीज जीतीं। भारत को ऑस्ट्रेलिया तक में 2 बार सफलता मिल चुकी है, लेकिन टीम साउथ अफ्रीका में आज तक कोई सीरीज नहीं जीत सकी।



### साउथ अफ्रीका में 17 फीसदी टेस्ट ही जीत सका भारत

साउथ अफ्रीका में टीम इंडिया ने 8 सीरीज खेलीं, शुरुआती 4 भारत ने एकतरफा गंवाई। 2010 में पहली बार सीरीज ड्रॉ रही और 2013 से 2021 तक 3 बार टीम इंडिया सीरीज जीत के करीब पहुंची, लेकिन तीनों में टीम को हार ही मिली। भारत ने यहां कुल 23 टेस्ट खेले और टीम को महज 4 टेस्ट यानी 17.39 फीसदी मुकाबलों में ही जीत मिली। टीम ने 12 टेस्ट गंवाए, जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 15 टेस्ट सीरीज खेली गईं। इसमें 4 भारत जीता, जबकि 8 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली और 3 सीरीज ड्रॉ रहीं। दोनों टीमों के बीच ओवरऑल 42 टेस्ट खेले गए। भारत ने 15 और साउथ अफ्रीका ने 17 मुकाबले जीते, जबकि 10 टेस्ट ड्रॉ रहे। भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर है। इसकी शुरुआत टी-20 सीरीज से हुई। तीन मैचों की यह सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। इसके बाद वनडे सीरीज खेली गई, जो टीम इंडिया ने 2-1 से जीती।

### बन सकते हैं ये रिकॉर्ड्स

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट पूरे करने से 11 विकेट दूर हैं। केशव महाराज 13 विकेट लेते ही टेस्ट में साउथ अफ्रीका के लीडिंग विकेट टेकर स्पिनर बन जाएंगे। साउथ अफ्रीका के लिए बतौर स्पिनर ह्यूज टैफील्ड ने सबसे ज्यादा 170 विकेट लिए हैं। महाराज के नाम 158 टेस्ट विकेट हैं।

### कोहली के नाम इस साल सबसे ज्यादा रन

सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा कर रहे हैं। टीम इंडिया के रेगुलर कप्तान रोहित ने वर्ल्ड कप के बाद वनडे और टी-20 सीरीज से ब्रेक लिया। उनकी गैरमौजूदगी में टी-20 की कप्तानी सूर्यकुमार यादव और वनडे में केएल राहुल ने की थी। इस साल टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए, उनके नाम 557 रन है। बॉलिंग में स्पिनर आर अश्विन टॉप पर हैं, उनके नाम 40 विकेट हैं।

### मार्करम साउथ अफ्रीका के लिए टॉप रन स्कोरर

साउथ अफ्रीका की कमान टेम्बा बावुमा संभाल रहे हैं। टीम के लिए साल 2023 में ऐडन मार्करम टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने 276 रन बनाए। टॉप विकेट टेकर की लिस्ट में कगिसो रबाडा पहले नंबर पर हैं, उन्होंने 3 टेस्ट में 13 विकेट लिए हैं। बता दें टेम्बा बावुमा 3000 टेस्ट रन बनाने से 3 रन दूर हैं। शुभमन गिल 1000 टेस्ट रन बनाने से 34 रन दूर हैं।

### ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट मैच

# ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वॉर्नर

**38 रन बनाकर वॉर्नर आउट और उस्मान ख़्वाजा भी 42 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे**

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज चल रही है. इस टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच आज यानी 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हुआ है. इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है. ऑस्ट्रेलिया के दो ओपनर डेविड वॉर्नर, और उस्मान ख्वाज़ा ने अपनी टीम को एक अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन उसे बड़ी पारी में बदल नहीं पाए. लंच से ठीक पहले 38 रन बनाकर डेविड वॉर्नर आउट हो गए और लंच के ठीक बाद उस्मान ख़्वाजा भी 42 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए. खबर लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 42 ओवर में दो विकेट खोकर 114 रन था।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए इन्होंने बनाएं ज्यादा रन

रिकी पोंटिंग- इस लिस्ट में सबसे ऊपर रिकी पोंटिंग का नाम मौजूद है. पोंटिंग ने अपने करियर में कुल 559 मैच खेले थे, जिसमें 45.84 की औसत से 27,368 रन बनाए थे. पोंटिंग ने कुल 70 शतक, और 146 अर्धशतक लगाए थे.

**डेविड वॉर्नर-** पोंटिंग के बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर अब डेविड वॉर्नर का नाम शामिल हो गया है. वॉर्नर ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 371 मैच खेले हैं, और 42.56 की औसत से 18,515 रन बनाए हैं. इस दौरान वॉर्नर ने 49 शतक, और 93 अर्धशतक बनाए हैं.

**स्टीव वॉ-** इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ का नाम मौजूद है. स्टीव वॉ ने अपने करियर में कुल 493 मैच खेले थे, और 41.65 की औसत से 18,496 रन बनाए थे. इस दौरान स्टीव वॉ ने 35 शतक, और 95 अर्धशतक बनाए थे.



### छोटी पारी खेलकर वॉर्नर ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

हालांकि, डेविड वॉर्नर ने अपनी इस छोटी पारी से एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है. वॉर्नर अब ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट मैच में की पहली पारी में 38 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ को भी पीछे छोड़ दिया है. अब वॉर्नर सभी फॉर्मेट को मिलाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. इस लिस्ट में वॉर्नर से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तान रिकी पोंटिंग मौजूद है.

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## गोविंदा फिल्मों से दूर, लेकिन कमाते हैं करोड़ों

गोविंदा का 90 के दशक में बॉलीवुड में ऐसा दबदबा था कि उन्हें हिंदी फिल्मों में कॉमेडी का पर्याय माना जाने लगा. गोविंदा भले ही कई सालों से फिल्मी पर्दे से दूर हैं, लेकिन यूट्यूब, विज्ञापन और ब्रांड प्रमोशन के जरिए आज भी लाखों कमाते हैं. एक वक्त पर दर्जनों फिल्में साइन करने के लिए मशहूर रहे गोविंदा का फिल्मी सफर कभी भी आसान नहीं था. आज गोविंदा आलीशान जिंदगी जीते हैं, लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब उनका परिवार पाई-पाई के लिए मोहताज था. एक्टर ने पुराने इंटरव्यू में अपने संघर्ष को याद करते हुए उस दौर के बारे में बात की थी जब उन्हें किराने की दुकान के सामने घंटों खड़ा रहना पड़ता था.



### बदहाली और आर्थिक तंगी में गुजरे

गोविंदा ने इंटरव्यू में बताया था कि उनका बचपन बदहाली और आर्थिक तंगी में गुजरा था. एक्टर ने अपनी जिंदगी में ऐसा दौर भी देखा है जब उनके परिवार के पास एक वक्त का राशन खरीदने के पैसे भी नहीं हुआ करते थे और उन्हें राशन की दुकान से बार-बार उधार लेना पड़ता था. एक्टर ने खुलासा किया था कि समय पर उधार न चुका पाने की वजह से दुकानदार उन्हें घंटों खड़ा रखता था.

**घंटों करते डांस प्रैक्टिस :** गोविंदा ने आर्थिक तंगी मिटाने के लिए जगह-जगह नौकरी की तलाश भी की, लेकिन अंग्रेजी न आने की वजह से उन्हें कहीं नौकरी नहीं मिल पाई. नौकरी न मिलने के बाद, गोविंदा ने फिल्मों में किस्मत आजमाई. उन्होंने फिल्म 'डिस्को डांसर' देखकर फिल्मों में एक्टिंग का मन बनाया और वह घंटों डांस की प्रैक्टिस करने लगे. आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और उन्हें ऐड फिल्मों से ब्रेक मिल गया. गोविंदा पहली बार साल 1986 में आई फिल्म 'तन-बदन' में एक्ट्रेस खुशबू के अपोजिट नजर आए थे.

## पृथ्वीराज ने कहा- हमें जो बनाना है उसे बनाने की आजादी होनी चाहिए

प्रभास स्टारर फिल्म 'सलार' हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म ने तीसरे ही दिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म में वर्धा के रोल में नजर आए पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म में हिंसा, खून और मौत दिखाए जाने के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा- अगर कोई डायरेक्टर अपनी कहानी के लिए ग्राफिक हिंसा शूट करना चाहता है तो उसे ऐसा करने की आजादी होनी चाहिए। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन वर्धा के किरदार में खूब जंचे। उनकी अदाकारी की तारीफ भी हुई। ऐसे में एक इंटरव्यू के दौरान पृथ्वीराज ने बताया कि हर फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड होती है। संस्था तय करती है कि फिल्म कौन देख सकता है। एक फिल्ममेकर के रूप में हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि हम इसे सेंसर बोर्ड को सौंपें।



## एयर होस्टेस के प्यार में थे सैफ अली खान



सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर 'कॉफी विद करण' के अपकमिंग एपिसोड में नजर आने वाले हैं. 'कॉफी विद करण सीजन 8' के एक और धमाकेदार एपिसोड का प्रोमो सामने आ चुका है. इस बार करण जौहर के पॉपुलर काउच पर बॉलीवुड की एक पॉपुलर मां-बेटे की जोड़ी नजर आने वाली है. 'कॉफी विद करण 8' के अपकमिंग 'रॉयल' एपिसोड में दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर और बॉलीवुड के नवाब सैफ अली खान शिरकत करने वाले हैं. करण जौहर द्वारा साझा किए गए इस शो के प्रोमो में शर्मिला टैगोर बेटे सैफ अली खान की लव लाइफ से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे करते नजर आई हैं. बॉलीवुड के गलियारों में सैफ अली खान की लव लाइफ की हमेशा से खूब चर्चा रही है. पहले 12 साल बड़ी एक्ट्रेस अमृता सिंह संग सैफ अली खान की शादी ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं और फिर 10 साल छोटी करीना कपूर संग उनका दूसरा निकाह भी ग्लैमर की दुनिया में कई साल तक चर्चा का विषय बना रहा.

### छोटे नवाब की लव लाइफ से जुड़े किस्से हुए शेयर

अब करण जौहर के रियलिटी शो में शर्मिला टैगोर ने छोटे नवाब की लव लाइफ से जुड़े कुछ और ऐसे मजेदार खुलासे कर डाले हैं जिसके बारे में आप शायद ही जानते होंगे. अमृता सिंह और करीना कपूर से पहले सैफ अली खान की जिंदगी में एक और लड़की थी जिसके बारे में आप आजतक नहीं जानते होंगे. दरअसल, शर्मिला टैगोर ने शो 'कॉफी विद करण' पर खुलासा किया कि सैफ अली खान कॉलेज के दिनों में एक एयर होस्टेस को डेट कर रहे थे और वह कॉलेज बंक कर एयर होस्टेस से मिलने जाते थे. एक्टर मां शर्मिला से कहते हैं, 'ये थोड़ा ज्यादा बड़ा-चढ़ा कर बता रही हैं. क्या हम इसलिए यहां हैं ताकि आप मेरे बारे में शर्मिंदा करने वाली ऐसी कहानियां बता सकें?' बता दें, सैफ अली खान इससे पहले सीजन 6 में बेटी सारा अली खान के साथ नजर आए थे. उस एपिसोड में सैफ और सारा अली खान ने अमृता सिंह और बेबो करीना कपूर संग अपने रिश्तों के बारे में खुलकर बात की थी।



## मुकेश अंबानी और डिजनी हुए एक, सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बनेगी

### मेट्रो बाजार

**मुंबई, एजेंसी**

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा हथिया लिया है. इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी. रिलायंस और वॉल्ट डिजनी के बीच एक नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है. इसके तहत वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा. दोनों कंपनियों के एक हो जाने के बाद देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी जन्म लेगी. एक रिपोर्ट के अनुसार, एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी, 2024 तक पूरा हो सकता है. रिपोर्ट में बताया गया कि मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस को इसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी और 49 फीसदी हिस्सा डिजनी का होगा. इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं. इसके पूरा होने के साथ ही रिलायंस-डिजनी देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी. रॉयटर्स ने दो हफ्ते पहले बताया था कि दोनों कंपनियों के अधिकारी इस सौदे पर बात करने के लिए लंदन में मिलने वाले हैं. अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी और सोनी की चिंता बढ़ेगी आरआईएल और वॉल्ट डिजनी के मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी. मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई ऐप्स के और विआकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है. जिओ सिनेमा और डिजनी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है. इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं. इससे पहले यही राइट्स डिजनी हॉटस्टार के पास थे. इस सेक्टर में अंबानी को टक्कर डिजनी से ही मिल रही थी. आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिजनी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।




## ह्यूमेन एआई पिन की प्री-बुकिंग जल्द होगी शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सैम अल्टमैन बैक्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ह्यूमेन ने **'एआई पिन'** की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है, जिसे कंपनी ने पिछले महीने नवंबर में लॉन्च किया था। यह एआई से ऑपरेट होने वाला दुनिया का पहला पहनने योग्य कंप्यूटर है। ऑल्टमैन चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपन एआई के को-फाउंडर हैं। ह्यूमेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एआई पिन की शिपिंग मार्च 2024 में शुरू होगी। ह्यूमेन में हम सभी आपके एआई पिन के एक्सपीरियंस के लिए इंतजार कर रहे हैं। कंपनी ने बताया है कि जो पहले ऑर्डर करेंगे उन्हें पहले शिप किया जाएगा। कंपनी ने एक्लिप्स की कीमत 699 डॉलर (करीब 58 हजार) रखी है। जबकि, लूनर और इक्विनॉक्स की कीमत 799 डॉलर (करीब 66 हजार) रखी है। अभी कंपनी केवल अमेरिका के शिपिंग एड्रेस में ऑर्डर एक्सेप्ट कर रही है। ह्यूमेन ने इस बात की कोई भी जानकारी नहीं दी है कि यह भारत सहित अन्य देशों में कब अवेलेबल होगा। इस एआई पिन को बनाने वाले स्टार्टअप 'ह्यूमेन' के फाउंडर बेथनी बोंगियोर्नो और इमरान चौधरी टेक कंपनी एपल के एक्स एम्प्लॉइ हैं।



## पार्क के झूले में रावण और कुंभकरण दहन, डेढ़ महीने बाद मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित हेवंश लाइफ सिटी कॉलोनी में पार्क के झूले में रावण दहन करने से बच्चों के लिए लगाए गए झूले जल गए। उक्त मामले में कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद तीन लोगों पर आगजनी का मामला दर्ज किया है। एएसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आरती राजा दुबे पति राजा दुबे, हेवंश लाइफ सिटी कटारा हिल्स में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि दशहरा के दिन कालोनी में रहने वाले अमित मंडलोई, रामगोपाल और नवजीत ने अपने अन्य परिचितों के साथ रावण और कुंभकरण दहन का आयोजन किया था। आयोजन पार्क?में रखा गया था। दहन करते समय इन्होने कॉलोनी में बच्चों के लिए लगाए गए झूले में रावण और कुंभकरण का दहन कर दिया। दहन के कारण झूले जल गए। झूले जलने से कॉलोनी की सार्वजनिक संपत्ती को नुकसान हुआ?था। उन्हें झूले ठीक कराने का कहा गया, लेकिन उन्होंने झूले ठीक नहीं कराए। लिहाजा पुलिस को शिकायती आवेदन दिया गया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने अमित मंडलोई, रामगोपाल और नवजीत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**श्रद्धांजलि**



भोपाल। आज रेट घाट पर पूर्व राष्ट्रपति स्व. शंकरदयाल शर्मा को प्रतिमा स्थल पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

**यूट्यूब पर संचालित चैनल में करता था काम**

## नशे के आदी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मार्केट जहांगीराबाद में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। शराब पीने की लत के कारण उसकी पत्नी बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई?थी।

एएसआई रामसजीवन वर्मा ने बताया कि अनिमेश मेहता पिता राजेंद्र मेहता (36) गल्ला मार्केट जहांगीराबाद में रहता था। उसके पिता राजेंद्र मेहता स्वतंत्र पत्रकार है और पूर्व में प्रतिष्ठित अखबारों में सेवाएं दे चुके हैं। मेहता ने बताया कि उनका बेटा अनिमेश, फिल्म निर्माता प्रकाश झा की फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट मुहैया कराता?था और कुछ दिन से यू ट्यूब चेनल के लिए काम कर रहा था। अनिमेश शराब पीने का आदी हो गया था और दिन रात शराब के नशे में डूबा रहता?था। उसकी शादी कर दी थी उसका एक बेटा भी है, लेकिन उसकी शराब की लत के कारण पत्नी परेशान थी। अनिमेश बाहर ही शराब पीता था और नशे में धुत होकर पत्नी को प्रताड़ित करता?था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर पत्नी बेटे को लेकर अपने मौसा मौसी के पास चली गई।

### पिता पर निकाली थी तलवार



गत 18 दिसंबर को अनिमेश का पिता से विवाद हुआ था। उसने पिता पर आरोप लगाया था कि आपकी प्रताड़ना से परेशान होकर मेरी पत्नी मायके गई है। घटना की शिकायत पिता ने पुलिस को की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अनिमेश से तलवार बरामद की और उस पर प्रकरण भी दर्ज?किया था। पिता ने बताया कि कल दोपहर अनिमेश शराब के नशे में घर पहुंचा था। शाम तक उसने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो कमरे के अंदर झांककर देखा था। इस दौरान वह फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी, वलीमा में पहुंची पत्नी और परिजन ने किया हंगामा**

## विवाद में चम्मच, प्लेट व बर्तन समेत कुर्सियां भी फेंक कर मारी, दूल्हे के भाई को आई चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



तलैया गिन्नौरी इलाके के गोल्डन शादी हाल में रविवार रात वलीमा पार्टी में जमकर हंगामा और मारपीट हुई। दरअसल पहली पत्नी को बिना तलाक दिए पति ने दूसरी लड़की से लव मैरिज कर ली। पहली पत्नी को जब इस बात की ाभनक लगी तो वह अपने परिजनों के साथ वलीमा पार्टी में पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। विवाद बढने् पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में वहां रखे च मच, प्लेट और बर्तन समेत कुर्सियां भी फेंक-फेंककर मारी गई। लोहे का बड़ा झारा लगने से दूल्हे का भाई घायल हो गया। तलैया पुलिस ने दोनों ओर से काउंटर प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के मुताबिक गिन्नौरी रोड तलैया इलाके में रविवार रात वलीमा पार्टी चल रही थी। इस बीच कार्यक्रम के दौरान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निशातपुरा में रहने वाली सानिया (30) अपने भाई रेहान व पिता रहमान समेत अन्य परिजनों के साथ शादी हाल पहुंच गई। उक्त वलीमा पार्टी सानिया के पति रेहान की दूसरी शादी की चल रही थी। रेहान ने अपनी पत्नी सानिया को बताए बिना और तलाक लिए बिना दूसरी लड़की से शादी कर ली थी। सानिया ने पति रेहान पर आरोप लगाया कि उसने उससे (सानिया) से प्रेम-विवाह किया और अब वह बच्चों के साथ गृहस्थी संभाल रही है। जब उसका मन भर गया तो उसने दूसरी लड़की से प्रेम-विवाह कर लिया। शादी का विरोध करते हुए सानिया और उसके परिजन विवाद करने लगे। देखते ही देखते ही दोनों पक्षों के बीच विवाद उग्र हो गया और नौबत मारपीट की आ गई।

### काउंटर प्रकरण किए दर्ज

झगड़े में बड़े बर्तन का झारा लगने से दूल्हे रेहान के भाई हनीफ को चोट आई है। हंगामा और झगड़े की सूचना मिलते ही तलैया पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने सानिया की शिकायत पर पति रेहान व देवर रेहान के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है जबकि दूसरी ओर से दूल्हे रेहान के भाई हनीफ की रिपोर्ट पर सानिया, उसके पिता रहमान व भाई रेहान के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर पीलूखेड़ी, नरसिंहगढ़ के युवक पर बलात्कार का मामला दर्ज किया है। उस पर आरोप है?कि उसने नौकरी का झांसा देकर युवती के द्वारिका नगर स्थित किराए के कमरे में दुष्कर्म किया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नरसिंहगढ़ जाएगी।

पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती मूलत~सागर जिले की रहने वाली है। वह नौकरी की तलाश में भोपाल आई?थी। युवती का कहना है?कि उसकी मोबाइल पर पीलखेड़ी, नरसिंहगढ़ निवासी भैयालाल मीणा से दोस्ती हो गई। भैयालाल ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया और गत 6 दिसंबर को उससे मिलने उसके कमरे पर द्वारिका नगर, स्टेशन बजरिया पहुंचा। वहां उससे दुष्कर्म किया।

## प्लाइवुड के गोदाम में आग, लाखों रूपये का माल जलकर खाक

**संत हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो ।** बैरागढ़ स्थित नगर निगम जोन कार्यालय के पास एक फर्नीचर एवं प्लाइवुड गोदाम में लगी आग से लाखों रूपये का माल जलकर खाक हो गया। नगर निगम की दमकलों ने सूचना मिलते ही आग बुझाना शुरू कर दिया लेकिन बिजली कंपनी का अमला देर से पहुंचा। समय पर बिजली कनेक्शन विच्छेद नहीं करने के कारण आग बुझाने में विलंब हुआ।

बीती रात करीब 12 बजे नेहरू पार्क के पीछे स्थित साई प्लाइवुड सेंटर के गोदाम से आग की लपटें उठती देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलों से आग बुझाते समय शटर से करंट आ रहा था क्योंकिबिजली बंद नहीं थी। बिजली विभाग का अमला आने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान के संचालक कम्मू आसवानी के अनुसार गोदाम में प्लाइवुड, सनमाइका, ताले एवं फेविकोल आदि रखा था। करीब 18 लाख रूपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। गोदाम के निकट ही नगर निगम का जोन कार्यालय, सरकारी बैंक एवं अन्य दुकानें हैं। समय पर काबू पा लेने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

## रंजिश में पड़ोसियों ने घर में घुसकर किया चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बंगाली मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक परिवार के तीन सदस्यों ने पड़ोसी के घर में घुसकर ड्राइवर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू लगने से ड्राइवर का गंभीर चोट आई?है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार संगीता राय पति सुनील राय (32) बंगाली मोहल्ला शाहपुरा में रहती हैं। वह गृहणी है, जबकि पति सुनील राय ड्राइवरी करता है। संगीता ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में कार्तिक, सुनील और रमेश बुनकर रहते है। सुनीता और पड़ोसियों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। गत 23 दिसंबर को भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आसपास के अन्य लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हो गया,



लेकिन पड़ोसी बुनकर परिवार राय परिवार से रंजिश कर बैठा। सुनीता का कहना है कि 24 दिसंबर की रात पड़ोसी उनके घर में घुस आए और पति सुनील राय के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से सुनील को गंभीर चोट आई है। पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए हैं।

**मेट्रो एंकर** घर से काम पर जाने का कहकर निकला था

## चार दिन से लापता युवक की बड़े तालाब में मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड के बागो-बहार गार्डन के पास बड़े तालाब में चार दिन से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि वीआईपी रोड स्थित बागो-बहार गार्डन के पीछे बड़े तालाब में एक युवक का शव पानी में उतरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसआई शोभाराम वर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान बरेला गांव कोहेफिजा निवासी रणजीत विश्वकर्मा पुत्र तुलसीराम (45) के रूप में की गई। वह विगत 22 दिसंबर से घर से लापता था। वह काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। उसके बाद लौटा नहीं। परिजनों ने खोजबीन करने के बाद उसकी गुमशुदगी कोहेफिजा थाने में करा दी थी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि रणजीत सिंह मेहनत-मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी भी था। परिवार में पत्नी और एक बेटा है।

## रेलवे ट्रैक में मिला प्लबंर का शव

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बवाड़िया रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक में प्लबंर का क्षत-विक्षत शव मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। वह सोमवार सुबह करीब छह बजे घर से काम करने का पैसा लेने की बात कहकर निकला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, बागमुगालिया नई बस्ती निवासी 22 वर्षीय कैलाश जाटव प्लंबर था। सोमवार सुबह छह बजे वह घरवालों को बताया कि उसने कई लोगों के घरों में काम किया है। इसका वह पैसा लेने जा रहा है।

सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि बावड़िया रेलवे फाटक के पास ट्रैक में अज्ञात युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कैलाश जाटव के रूप में कर ली। पुलिस हादसा और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है।



फाइल फोटो






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022